Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर , वर्ष 18,अंक -321 सोमवार ,26 सितम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

आवरण के धोखे में कभी न आओ,खोलकर देखो कि भीतर क्या माल है।

- डेल कार्नेगी-

## संक्षिप्त समाचार




### 6 आईएएफ अधिकारियों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया हत्या का केस,जानें पूरा मामला

बेंगलुरु, 25 सितम्बर 2022। कर्नाटक में बेंगलुरु की पुलिस ने भारतीय वायुसेना तकनीकी कॉलेज(एएफटीसी) के एक प्रशिक्षु कैडेट के फांसी पर लटके पाये जाने के बाद कथित हत्या के आरोप में आईएएफ के छह अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतक अंकित झा के भाई अमन झा की शिकायत पर वायुसेना अधिकारियों के खिलाफ शनिवार को गंगाम्मा गुड़ी थाने में मामला दर्ज किया गया है।

उन्होंने बताया कि अंकित की मौत के कारणों को पता लगाया जा रहा है। आरोपियों को अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है, हालांकि आईएएफ ने हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। अंकित के पिता यूके झा ने कहा कि पुलिस उनके बेटे की मौत को आत्महत्या का मामला बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि उनके परिवार को संदेह है कि अंकित की हत्या की गयी है थी और अंकित ने उन्हें उन छह अधिकारियों के बारे में बताया था, जो उन्हें कथित रूप से परेशान करते थे।

### राजभवन के ऊपर देखा गया उड़ता ड्रोन

लखनऊ, 25 सितम्बर



2022। लखनऊ में रविवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब राजभवन के ऊपर ड्रोन उड़ता देखा गया. ड्रोन देख सुरक्षा कर्मी एक्शन में आए और उसको कब्जे में लिया. इसके साथ ही ड्रोन उड़ाने वाले की तलाश शुरू की गई. जांच में पता चला कि ये ड्रोन लोक निर्माण के कर्मचारियों ने उड़ाया था.

**ड्रोन देख मच गया हड़कंप-** गौरतलब है कि राजभवन के ऊपर ड्रोन उड़ाने की परमिशन नहीं है. बावजूद इसके रविवार को राजभवन पर ड्रोन गतिविधि देख सुरक्षा कर्मी भी हैरान रह गए. आनन-फानन उन्होंने ड्रोन को कब्जे में लिया. ड्रोन की जांच के साथ ही उसे उड़ाने वाले की तलाश शुरू की गई.

**PWD के कर्मचारियों ने उड़ाया था-** इस दौरान पता चला कि यह ड्रोन लोक निर्माण विभाग के दो कर्मचारियों ने विधानसभा व इसके पास की सड़कों का सर्वे करने के लिए उड़ाया था. अधिकारियों ने लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों से काफी देर तक पूछताछ की.

### वरना भरना पड़ेगा जुर्माना,सफर के दौरान न करें ये गलतियां

नई दिल्ली, 25 सितम्बर 2022। दिल्ली मेट्रो में सफर के दौरान हर यात्री को कुछ नियम-कायदों का पालन करना होता है। अगर आप इन्हें नहीं मानते हैं और उल्लंघन करते हैं, तब आप पर 500 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इतना ही नहीं, कुछ स्थितियों में तो टिकट जब्त कर गाड़ी से बाहर तक किया जा सकता है।

दरअसल, दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के दिल्ली मेट्रो रेलवे (परिचालन और अनुरक्षण) अधिनियम, 2002 के तहत कुछ अपराध और शास्तियां आते हैं। कौन सी धारा के तहत क्या अपराध और जुर्माना आता है? धारा 59 के तहत शराब पीना, उपद्रव करना, थूंकना, गाड़ी की फर्श पर बैठना या फिर लड़ाई-झगड़ा करने पर 200 रुपए का जुर्माना लगने के साथ यात्री का टिकट/पास जब्त कर उसे गाड़ी से बाहर किया जा सकता है।

धारा 62 के अंतर्गत मेट्रो ट्रेन

# मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने बताया,लोग कब देख सकेंगे चीते

नई दिल्ली, 25 सितम्बर 2022। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम भग?तसिंह के नाम पर रखने का फैसला किया गया है। इस अवसर पर पीएम मोदी ने बताया कि लोग कब चीतों को देख सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चीतों की बात करने लिए बहुत सारे मैसेज आए हैं। देश के कोने कोने से लोगों ने चीतों के लौटने पर खुशी जताई। 130 करोड़ भारत वासी खुश





हैं, गर्व से भरे हैं। यह है भारत का प्रकृति प्रेम। इस बारे में लोगों का एक कॉमन सवाल है कि मोदीजी हमें चीतों को देखने का अवसर कब मिलेगा?

मोदी ने बताया कि एक कार्यबल बनाया गया है। यह कार्यबल चीतों की निगरानी करेगा। यह देखा जाएगा कि यहां के माहौल में ये चीते कितने घुल-मिल पाए हैं। इसी के आधार पर कुछ महीने बाद कोई निर्णय लिया जाएगा और तब आप चीतों को देख पाएंगे। उन्होंने कहा कि चीतों की देखभाल के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि आप कुछ ही दिनों में चीते देख सकेंगे। तब तक मैं आप सबको कुछ-कुछ काम सौंप रहा हूं।

### मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी का बड़ा ऐलान,

# अब शहीद भगत सिंह के नाम से जाना जाएगा चंडीगढ़ एयरपोर्ट

चंडीगढ़, 25 सितम्बर 2022। चंडीगढ़ इंटरनैशनल एयरपोर्ट अब शहीद भगत सिंह के नाम से जाना जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में ऐलान किया कि भगत सिंह की जयंती के ठीक पहले एयरपोर्ट का नाम बदला जाएगा।





गौरतलब है कि 28 सितंबर को शहीद भगत सिंह की जयंती है। इस साल पंजाब में भगत सिंह को लेकर राजनीति चर्चा में रही। आम आदमी पार्टी खुद को भगत सिंह के सिद्धांतों पर चलने वाली बताती रही है।

पीएम मोदी ने 'मन की बात' के दौरान कहा, आज से तीन दिन बाद, यानी 28 सितम्बर को अमृत महोत्सव का एक विशेष दिन आ रहा है। इस दिन हम भारत माँ के वीर सपूत भगत सिंह जी की जयंती मनाएंगे। भगत सिंह जी की जयंती के ठीक पहले उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप एक महत्वपूर्ण निर्णय किया है। पीएम मोदी ने कहा, 'भगत सिंह जी की जयंती के ठीक पहले उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप एक महत्वपूर्ण निर्णय किया है। यह तय किया है कि चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम अब शहीद भगत सिंह जी के नाम पर रखा जाएगा। पंजाब में इस साल भगत सिंह पर राजनीति केंद्रित रही। पंजाब चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी खुद को भगत सिंह और बीआर आंबेडकर के सिद्धांतों का पालन करने वाला बताती रही। चुनाव जीतने के बाद भगवंत मान ने भगत सिंह के पैतृक गांव खटकर कलां में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

# एक अक्टूबर को पीएम मोदी करने वाले हैं 5 जी की लॉन्चिंग,बदल जाएगी मोबाइल की दुनिया

नई दिल्ली 25 सितम्बर 2022। देश में 5जी इंटरनेट सेवा क लॉचिन्ग के लिए मीडिया रिपोर्ट में बड़ी खबर निकलकर सामने आई है। खबरों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत में एशिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी इंडिया मोबाइल कांग्रेस में 1 अक्टूबर को त सेवा की शुरुआत करने वाले है।

**4जी से कई गुना बेहतर होगा**

बताया जा रहा है कि 5जी आने के बाद इंटरनेट की दुनिया पूरी तरह बदल जाएगी. 5जी की स्पीड 4जी से 10 गुना ज्यादा होगी। 5जी के आने से ऑटोमेशन बढ़ जाएगा. अभी तक जो चीजें बड़े शहरों तक है. वो गांव गांव तक पहुंचेंगी. इससे देश की अर्थव्यवस्था को फायदा होगा और ई गवर्नेंस का भी बढ़ावा मिलेगा।

इससे बिजनेस, एजुकेशन, हेल्थ और एग्रीकल्चर जैसे सेक्टर्स में क्रांति आने की उम्मीद जताई जा रही है. 4जी नेटवर्क की एवरेज इंटरनेट स्पीड 45 एमबीपीएस के लगभग होती है लेकिन 5जी नेटवर्क पर यह बढ़कर 1000 एमबीपीएस तक पहुंच जाएगी।

**5जी के होंगे ये फायदे**

अभी तक देश में लोगों को 4जी की सुविधा मिल रही है. आने वाले महीने में 5जी आने के




बाद लोगों को हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा मिलेगी. इससे न केवल लोगों का समय बचेगा वहीं कई नई एप्लीकेशन को भी आसानी से उपयोग कर सकेंगे।

5जी की आने के बाद ग्राहकों का अनुभव पहले से कही ज्यादा बेहतर रहेगा. बात चाहे पेमेंट ट्रांजेक्शन की हो या फाइल को डाउनलोड या अपलोड करने की. इन सभी कामों में चंद सेकण्ड का वक्त लगेगा। पांचवीं पीढ़ी यानी 5जी दूरसंचार सेवाओं शुरू होने के बाद हाई क्वालिटी वाले लंबी वीडियो या फिल्म को आसानी से डाउनलोड किया जा सकेगा।

**क्या होता है 3जी, 4जी, 5जी सर्विस**

यहां जी का मतलब मोबाइल नेटवर्क की जेनरेशन से होता है. यहां 5जी सर्विस का मतलब होगा मोबाइल नेटवर्क की 5वीं जनरेशन, जो वर्तमान में चल रही 4% एलटीई से भी ज्यादा तेज होगी।

इसकी कनेक्टिविटी, स्पीड, वॉइस क्वालिटी, सिक्योरिटी और बाकी फीचर्स पिछले सभी जेनरेशन से काफी बेहतर होगी. इस नेटवर्क से डाउनलोड और अपलोड की स्पीड 4जी से बहुत ज्यादा होगी. इसकी मैक्सिमम हाई स्पीड 10 जीबीपीएस प्रति सेकंड तक हो सकती है।

**भारत जोड़ो यात्रा**

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केरल के त्रिशूर में गैस सिलेंडर के साथ प्रदर्शन किया

नई दिल्ली , 25 सितम्बर 2022। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज सुबह केरल के त्रिशूर से अपनी भारत जोड़ो यात्रा फिर से शुरू की। यात्रा में उनके साथ शामिल सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने रसोई गैस की कीमत में वृद्धि के खिलाफ गैस सिलेंडर के आकार के कटआउट और बैनर के साथ प्रदर्शन किया।



150 दिनों तक चलने वाली भारत जोड़ो यात्रा रविवार को सुबह के सत्र में 11 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और पूर्वाह्न करीब 11 बजे वडक्कांचेरी में रुकेगी। इस यात्रा में के मुरलीधरन, के सी वेणुगोपाल, रमेश चेन्नीथला और वी डी सतीशन सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के साथ पैदल चल रहे हैं। आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर के आकार के कटआउट लेकर यात्रा शुरू की। उन्होंने बैनर भी थाम रखे थे, जिस पर देश में रसोई गैस की कीमतें दर्शायी गई थीं।

कांग्रेस ने आज लोगों से अपील की कि वे इस ऐतिहासिक आंदोलन में शामिल हों, जो मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के पुनः निर्माण के लिए है। त्रिशूर में महिलाओं और बच्चों को राहुल से मिलने के लिए सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए देखा गया।

**अंकिता भंडारी हत्या मामला**

# अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुआ परिवार

देहरादून, 25 सितम्बर 2022। अंकिता भंडारी के परिजन आखिरकार अंतिम संस्कार को तैयार हो गए हैं। बिटिया का अब एनआईटी घाट में अंतिम संस्कार किया जाएगा। रविवार शाम को पुलिस बल और प्रदर्शनकारियों की भारी भीड़ की मौजूदगी में अंकिता के शव को मोर्चरी से बाहर निकाला गया। एंबुलेंस से अंकिता के शव को पैतृक घाट एनआईटी ले जाया गया। भारी संख्या में ग्रामीण भी एंबुलेंस के साथ घाट की ओर चले।

अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले को लेकर रविवार को श्रीनगर में लोगों का गुस्सा फूट पड़ा था। सुबह से ही मोर्चरी में डटे आक्रोशित लोगों को जब प्रशासन की ओर से पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजनिक न करने व परिजनों के लिए मुआवजा व नौकरी की




ठोस व्यवस्था करने को लेकर कोई आश्वासन नहीं मिला तो लोगों ने प्रातः 11 बजे मोर्चरी के बाहर बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया।

इस दौरान लोगों ने उत्तराखंड सरकार व श्रीनगर एवं पौड़ी विधायक के विरोध में जमकर नारेबाजी की। जाम के दौरान लोगों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजनिक करने, अंकिता भंडारी के परिजनों को सरकार की ओर से एक करोड़ रूपए का मुआवजा देने व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाए जाने की मांग की।

आक्रोशित लोगों ने कहा कि जब तक उन्हें इस संदर्भ में लिखित आश्वासन नहीं मिल जाता है तब तक वह जाम खोलने वाले नहीं हैं। जाम के दौरान लोग हत्यारों को फांसी देने व उत्तराखंड सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाते रहे। मौके पर एसडीएम श्रीनगर अजयवीर सिंह, एएसपी शेखर सुयाल व डीएम डा.विजयकुमार जोगदंडे ने बारी-बारी से लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन लोग अपनी मांग पर अड़े रहे।

# आरएसएस कार्यकर्ता के घर पर दो लोगों ने फेंके 3 पेट्रोल बम,कार में लगी आग,सीसीटीवी में वारदात कैद

चेन्नई , 25 सितम्बर 2022। तमिलनाडु के मदुरई में आरएसएस कार्यकर्ता के घर पर तीन पेट्रोल बम फेंके गए हैं। यह हमला शनिवार शाम करीब 7:38 बजे अनुप्पनदी हाउसिंग बोर्ड इलाके में स्थित एमएस कृष्णन के आवास पर हुआ। यह पूरा मामला घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। आरएसएस कार्यकर्ता एमएस कृष्णन का घर मेल अनुप्पनादी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में है।



वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि बाइक सवार दो लोग घर के सामने आए और एक-एक कर पेट्रोल बम फेंके और फरार हो गए। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

दक्षिण मदुरई के असिस्टेंट शानमुगम ने बताया, 'आरएसएस मेंबर के घर पर तीन पेट्रोल बम फेंके गए हैं। हम मामले की जांच कर रहे हैं। हालांकि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है।' इस मामले में आरएसएस मेंबर कृष्णन और बीजेपी के जिला अध्यक्ष सुसीनद्रन ने कीराथुराई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

कृष्णन ने इस पूरे मामले में कहा, 'मैं आरएसएस के लिए पिछले 45 सालों से काम कर रहा हूं। करीब 7 बजे हमने अपने घर पर पूजा की थी जिसमें करीब 65 लोग शामिल हुए थे। तभी मैंने बाहर धमाके की आवाज सुनी। मैं जब बाहर आया मेरी गाड़ी में आग लगी हुई थी। पिछली बार 2014 में पुलिस ने मुझे सुरक्षा दी थी। क्योंकि उस वक्त मेरी जान को खतरा था। इसके बाद 2021 में सुरक्षा हटा ली गई थी।' उन्होंने लगातार हो रही ऐसी घटनाओं पर कहा कि, 'मेरे अलावा करीब 20 और आरएसएस कार्यकर्ताओं पर अलग-अलग हमले हुए हैं। यह केवल तमिलनाडु की बात है। हमने पुलिस में इसकी शिकायत की है। पुलिस ने हमें आश्वासन दिया है कि वह आज रात तक आरोपियों को गिरफ्तार कर लेंगे।'

# लड़के के साथ हैवानियत की हदें पार, गैंगरेप के बाद प्राइवेट पार्ट में रॉड डाली गई

### इलाके में 4 लोगों ने बच्चे के साथ पहले सामूहिक दुष्कृत्य किया.

नई दिल्ली, 25 सितम्बर 2022। दिल्ली में एक 12 साल के लड़के साथ हैवानियत का मामला सामने आया है. आरोप है कि सेलमपुर इलाके में 4 लोगों ने बच्चे के साथ पहले सामूहिक दुष्कृत्य किया. फिर उसकी लाठी डंडों से बेरहमी से पिटाई भी की. बाद में आरोपियों ने हैवानियत की हदें पार कर दीं और लड़के के प्राइवेट पार्ट में रॉड डाल दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया. मामले में दिल्ली महिला आयोग ने जानकारी शेयर की है और पुलिस ने 4 दिन में पूरी जानकारी तलब की है।




दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने ट्वीट किया और कहा- %दिल्ली में लड़की तो क्या लड़के भी सुरक्षित नहीं हैं. एक 12 साल के लड़के के साथ 4 लोगों ने बुरी तरह से रेप किया और डंडों से पीटकर अधमरी हालत में छोड़कर चले गए. हमारी टीम ने मामले में स्न्नढ्ढक्र दर्ज करवाई. 1 आरोपी गिरफ्तार, 3 अब भी फरार, दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर रही हूं.%

स्वाति ने नोटिस में लिखा- %दिल्ली महिला आयोग को एक महिला की शिकायत मिली है, जिसने बताया है कि उसके 12 साल के बेटे का दिल्ली के सेलमपुर में बेरहमी से यौन उत्पीड़न किया गया है. शिकायतकर्ता ने बताया है कि उसके बच्चे के साथ 18 सितंबर को 4 लोगों ने सामूहिक बलात्कार किया. आरोपियों ने बच्चे के प्राइवेट पार्ट्स में एक रॉड भी डाली. उन्होंने उसे ईंटों और डंडों से भी बेरहमी से पीटा. बच्चे ने 22 सितंबर को अपने माता-पिता को घटना के बारे में जानकारी दी. उसके बाद माता-पिता ने तुरंत दिल्ली पुलिस को मामले की जानकारी दी.

### एनएसई फोन टैपिंग मामला

# सीबीआई ने मुंबई के पूर्व पुलिस प्रमुख को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, 25 सितम्बर 2022। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 2009 से 2017 के बीच नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के कर्मचारियों की कथित फोन टैपिंग के मामले में मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त संजय पांडे को गिरफ्तार किया है। पांडे पहले से ही न्यायिक हिरासत में थे और दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद थे। उन्हें प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था, जिन्होंने मामले में चार्जशीट भी दाखिल की है।

अब, सीबीआई ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट के समक्ष एक रिमांड याचिका भी दायर की है, जिसने पांडे को पांच दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। केंद्रीय जांच एजेंसी अब कुछ दस्तावेजों के साथ पांडे से भिड़ेगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर सीबीआई ने फोन टैपिंग मामले में एनएसई की पूर्व प्रमुख चित्रा रामकृष्ण के खिलाफ नया मामला दर्ज किया था।



करीब दो महीने पहले पांडे का बयान सीबीआई के मुंबई स्थित मुख्यालय में दर्ज किया गया था। सीबीआई की पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। सीबीआई ने इस मामले के सिलसिले में मुंबई, पुणे और देश के कई अन्य हिस्सों में भी छापेमारी की थी। सीबीआई के एक सूत्र ने बताया कि 2009 और 2017 के दौरान रामकृष्ण और पांडे ने एनएसई के कर्मचारियों के फोन अवैध रूप से टैप किए थे।

पांडे आईसेक सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड चलाते थे। यह आरोप लगाया गया है कि रामकृष्ण ने एनएसई के कर्मचारियों के फोन टैप करने के लिए इस फर्म का इस्तेमाल किया। एनएसई कर्मचारियों द्वारा सुबह 9 बजे से 10 बजे के बीच किए गए फोन कॉल को टैप किया गया और आईसेक सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रिकॉर्ड किया गया। यह आरोप लगाया गया है कि पांडे ने अवैध रूप से फोन कॉल को टैप करने में मदद की। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

# आईएएस-आईपीएस की सुविधाएं पर केंद्र सरकार ने लगाया 'ब्रेक'

नई दिल्ली, 25 सितम्बर 2022। भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और भारतीय वन सेवा असम-मेघालय संयुक्त कैडर, सिक्किम, नागालैंड, त्रिपुरा और मणिपुर कैडर से संबंधित एआईएस अधिकारी अतिरिक्त 25% के विशेष भत्ते के हकदार थे. पूर्वोत्तर में तैनात होने के दौरान अन्य प्रोत्साहनों के बीच मूल वेतन 2009 में शुरू किया गया अतिरिक्त मौद्रिक भत्ता बंद कर दिया गया है।




कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने नोटिफाई किया कि पूर्वोत्तर राज्यों में तैनात एआईएस अधिकारियों को दिए जा रहे विशेष प्रोत्साहन और भत्ते तत्काल प्रभाव से वापस ले लिए जाएंगे। आदेश में कहा गया है कि पूर्वोत्तर कैडर के अधिकारियों के लिए रिटायरमेंट के बाद आवास की सुविधा भी वापस ले ली जाएगी. यह नीति 2007 में पेश की गई थी।

आदिवासी आबादी को आयकर का भुगतान करने से छूट दी गई है, इसलिए पूर्वोत्तर राज्यों में तैनात होने के दौरान आदिवासी एआईएस अधिकारियों को भी यह सुविधा प्रदान की जाती है।

# शारदीय नवरात्र से देवी मंदिरों व घरों में प्रज्ज्वलित ज्योति कलश

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
शारदीय नवरात्र सोमवार से आरंभ हो रहा है। शहर के मां महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों व शक्तिपीठों में नवरात्र की तैयारी पूरी कर ली गई है। मां महामाया मंदिर में इस बार घी और तेल के 51 सौ से अधिक ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। शारदीय नवरात्र पर देवी मंदिरों में भक्तों की खासी भीड़ जुटने की उम्मीद जताई जा रही है। महामाया मंदिर में मां के श्रृंगार के भक्तों के लिए मंदिर का पट खुल जाएगा। नोवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं की





भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगे गए हैं। वहीं सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी तैनात किए गए हैं। सरगुजा पुलिस द्वारा भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी लगाए जाएंगे। मंदिर के मुख्य पुजारी सहित अन्य पुरोहितों द्वारा सामूहिक मंत्रोच्चार के साथ ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे जो नौ दिनों तक चलेगा। महामाया मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस वर्ष पूरे 9 दिनों का नवरात्र है। मां महामाया मंदिर के साथ शहर के गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर शक्तिपीठ, गायत्री मंदिर, कुदरगढ़ देवी मंदिर, लुचकी घाट स्थित काली मंदिर, पुलिस लाइन स्थित गौरी मंदिर, संत हरकेवाल दुर्गा मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। गांधी चौक से दुर्गा मंदिर में भी लगभग चार हजार से अधिक ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होंगे।

# पंडालों में आज विराजेंगी मां भगवती

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
मां जगदंबा की प्रतिमा स्थापित करने के लिए जगह-जगह पंडाल बनाए जा रहे हैं। पंडालों को बनाने में कारीगर भी दिन रात एक किए हैं। सोमवार से शारदीय नवरात्र शुरू हो रहा है। दुर्गा पूजा की धूम दिखाई पड़ रही है। बीते दो वर्षों में कोरोना की वजह से सभी त्यौहार फीके हो गए थे, मगर इस साल हर त्यौहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। रविवार को शहर के मणिपुर, दर्रीपारा में प्रति वर्ष की भांति इस बार भी अनोखी सोच संस्था द्वारा शारदीय नवरात्रि पर होने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन भव्य रुप से किया जा रहा है । मातृशक्ति के इस महापर्व को लेकर मां के भक्तों में काफी उल्लास अभी से ही दिखने लगा है । विशाल जनसमूह के साथ बाइक रैली के रूप में सभी मोहल्लेवासी पुरे हर्षोल्लास के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा लेने गए और मां दुर्गा की प्रतिमा को भव्य स्वागत के साथ आकर्षक सजे पंडाल में स्थापित किया। दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही हैं आकर्षक सजे पंडाल व



मनोहारी लाइटिंग की सजावट के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी भव्य रूप से किया जा रहा है। नवरात्र के पहले दिन 26 सितम्बर से सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज़ होगा। जिसमे शहर के साथ साथ अन्य शहरों व नजदीकी क्षेत्रों से आए कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। संस्था के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी वर्ग के कलाकारों के लिए मेगा ईनामी राशि व उपहार रखा गया है।

# प्रतिभागियों की क्षमताओं को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहा फिट कोप फिट सिटी

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
सरगुजा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे फिट कोप फिट सिटी कार्यक्रम के तहत 25 सितंबर को को 5 किमी फिटनेस रन कार्यक्रम का आयोजन गांधी स्टेडियम अंबिकापुर मे किया गया। आयोजन मे पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी एवं आमनागरिको द्वारा उत्साह पूर्वक बढ़ चढ़कर भाग लिया गया एवं फिट-कॉप फिट-सिटी के तहत कुशल प्रशिक्षको द्वारा योग एवं प्राणायाम करवाए गए।

पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता द्वारा फिटनेस रन कार्यक्रम के उदबोधन में कहां कि सरगुजा पुलिस की मुहिम फिट कोप फिट सिटी प्रतिभागियों की क्षमताओं को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहा है और





इसका असर सभी अपने सामान्य जनजीवन में महसूस कर रहे हैं, पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा इस तरह के आयोजन चरणबद्ध रूप से आगे भी करवाए जाने की जानकारी दी गई। फिटनेस रन में अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागीयों मे महिला वर्ग से प्रथम सीमा मरकाम, द्वितीय करिश्मा सिंह एवं तृतीय रोमा यादव एवं पुरुष वर्ग से प्रथम कृष्णा, द्वितीय विजय कुमार और तृतीय रामप्रवेश सिंह को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया, बच्चों मे आयुषी सिंह मरावी को फिटनेस रन के अंतर्गत विशेष पुरस्कार दिए गए। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भी प्रशस्ती पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कौशिक, उप पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत देवांगन, रक्षित निरीक्षक जयराम चरमाको, थाना प्रभारी कोतवाली रुपेश नारंग, मणीपुर चौकी प्रभारी सरफराज फ़िरदौशी एवं पुलिस विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं आमनागरिक बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

## समलाया मंदिर में नवरात्र की तैयारी

-उपेश सिन्हा-
**कुसमी ,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
बलरामपुर जिले के आदिवासी अंचल के एक गांव में माँ समलाया का बहुत ही प्राचीन मंदिर है और यह मंदिर कब का है यह कोई नही जानता ,दरसल यह मंदिर कुसमी ब्लाक मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर की दुरी पर स्थित मदगुरी ग्राम में है,और गांव वाले बड़ी धुमधाम से हर वर्ष माता की पूजा अर्चना नवरात्र के अवसर पर करते है पीढ़ी दर पीढ़ी गांव के लोग पुजा अर्चना करते आ रहे है लेकिन यहाँ के स्थानीय लोगो को यह नही पता है कि मंदिर कबका है और कौन मंदिर की स्थापना किया है ,लोग बस यह आकलन करते है कि यह राजा महाराजा के जमाने का मंदिर है।और स्थानीय लोगो का मानना है कि माता के मंदिर में लोगो की हर मुराद पुरी होती है नवरात्र के दिनों गांव के लोग बड़े उत्साह के साथ माता की पूजा अर्चना करते है और माता के भक्ति में लोग लीन रहते है, गांव के अशोक सोनी का यह कहना है कि माता रानी की इस गांव में इतनी कृपा हुई है कि मदगुरी गांव में आजतक हाथियों का दल नुकसान नही पहुँचाया है गांव के आसपास तक हाथियों का दल पहुँचा लेकिन मदगुरी गांव तक नही पहुँचा जो माता रानी की गांव में कृपादृष्टि की वजह से ऐसा माना जाता है,वही मंदिर के बारे में बताया जाता है कि पहले बहुत छोटे आकार में मंदिर था फिर कुछ साल पहले गांव के लोगों ने मिलकर मंदिर का निर्माण करवाया और इस साल नवरात्र के अवसर माता रानी के विधिवत पुजा अर्चना के साथ भक्तों ने भंडारे का भी आयोजन रखा है,माता रानी के मन्दिर में नवरात्र पर्व को धुमधाम से मनाने की तैयारी कार्य में कृष्ण मुरारी सोनी,अशोक सोनी,दुर्गा प्रसाद कुशवाहा,गांव के सरपंच करमचंद मुंडा गणेश यादव धर्मेन्द्र सोनी,महेश्वर मुंडा, सतपाल सिंह,सदानन्द कुशवाहा सहित अन्य गांव के लोग कार्य मे जुटे हुये है सोमवार से नवरात्र पर्व की शुरूवात हो रही है ।



# महाराजा अग्रसेन हमेशा समाज के उत्थान के लिए किया है उत्कृष्ट कार्य

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
अग्रसेन जयंती 2022 के पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में सरगुज़ा कलेक्टर कुंदन कुमार, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला शामिल हुए। कार्यक्रम के शुरुआत सभा के अध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं सभी पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा सभी अथितियों का स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर कुंदन कुमार ने अपने अग्रवाल समाज के सभी लोगों को जयंती की बधाई ओर शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि अग्रवाल अग्रवाल समाज हमेशा से परोपकार के काम में आगे रहा है द्य मैंने अग्रसेन जी की जीवनी को पढ़ा है। उन्होंने हमेशा समाज के उत्थान के लिए कार्य किए है ओर दिन दुखियों के हमेशा मदद की है। चाहे वो किसी भी समाज का हो ओर उअपने पूर्वज अग्रसेन जी के



मार्ग पर आज पूरा अग्रवाल समाज चल रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने कहा की अग्रवाल समाज हमेशा से परोपकार ओर करुणा की भावना रखते है उनकी करोना क़ाल सेवा भाव में बहुत ज़्यादा भागीदारी रही है अग्रवाल समाज सभी के लिए प्रेरणा के स्त्रोत है शिक्षा से लेकर सभी क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहे है सभी को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों द्वारा विभिन प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को ओर समाज के होनहार छात्र छात्राओं को शैक्षणिक प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया।कार्यक्रम के अंत में अग्रवाल सभा द्वारा अथितियों को शाल श्रीफ़ल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम के इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, सभा में सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अजय, राजीव अग्रवाल, अरविंद सिघनिया , राजीव अग्रवाल किशन सल्तनिया ,जगदीश अग्रवाल अशोक अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, विकाश अग्रवाल, संजय गोयल, लेखराज अग्रवाल , मुकेश अग्रवाल,प्रमोद अग्रवाल, पवन लोहिया प्रह्लाद गोयल, विनोद अग्रवाल, राइस मिल विनोद अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संजय गणित , श्रीनिवास केडिया, अशोक अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, घनश्याम गर्ग, अमित अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, किसन अग्रवाल, आशीर्वाद कौशल सिंघल, कन्हैया लाल अग्रवाल एवं अग्रवाल महिला सभा की अध्यक्षा लक्ष्मी अग्रवाल संगीता रितु केडिया कोमल सल्तनिया सीमा गर्ग अग्रवाल युवा मंच से युवा अध्यक्ष ऋषभ गर्ग दीपक सिंघानिया आशीष अग्रवाल राहुल गर्ग संजय जलान मुकेश सिंघल तनिष्क अग्रवाल हिमांशुअग्रवाल यश अग्रवाल राहुल गर्ग शामिल थे।



## भृत्य भर्ती परीक्षा में साढे आठ हजार से अधिक अभ्यर्थी हुए शामिल

### 2135 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा रविवार 25 सितम्बर 2022 को आयोजित भृत्य भर्ती परीक्षा में 8 हजार 580 अभ्यर्थी शामिल हुए वहीं 2हजार 135 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। भृत्य भर्ती परीक्षा के लिए 10 हजार 715 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था।
परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री जेआर सतरंज ने बताया कि लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भृत्य भर्ती परीक्षा के लिए 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा एक ही पाली में आयोजित हुई । सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांति पूर्ण संपन्न हुई।

# दुर्गा पूजा समिति नवयुवक संघ इस वर्ष करेगा भव्य आयोजन



-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
दुर्गा पूजा समिति नवयुवक संघ भगवानपुर द्वारा स्थानीय बनारस रोड भगवानपुर में स्थित दुर्गा मंदिर में दुर्गा माता के पूजा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष समिति द्वारा पंडाल व गेट को और अधिक भव्यता से सजाया जा रहा है। मूर्ति स्थापना 1 अक्टूबर को षष्ठी के दिन किया जाएगा और पूजा 7 अक्टूबर तक चलेगी। समिति द्वारा पूजा में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं व जगराते का आयोजन भी किया जा रहा है। 1 अक्टूबर के दिन डांडिया व डांस ऑडिशन , 2 अक्टूबर डांडिया व डांस सेमीफाइनल, 3 अक्टूबर उल्लू प्रतियोगिता, फुग्गा प्रतियोगिता डांडिया व जबलपुर आर्केस्ट्रा द्वारा भव्य जगराता, 4 अक्टूबर डांस व कुर्सी प्रतियोगिता डांडिया फ्रेंड्स म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भव्य प्रस्तुति, 5 अक्टूबर मेहंदी प्रतियोगिता जलेबी दौड़ व राजेश जयसवाल एवं ग्रुप द्वारा भव्य प्रस्तुति ,6 अक्टूबर डांस फाइनल प्रतियोगिता ,7 अक्टूबर भव्य झांकी के साथ माता का विसर्जन का आयोजन किया गया है द्य सोलो डांस पुरस्कार प्रथम 11,000, द्वितीय 5100, तृतीय 2100 ग्रुप डांस पुरस्कार प्रथम 41000, द्वितीय 21000, तृतीय 5100 व सभी प्रतियोगिताओं में आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं।

## कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल को सूरजपुर जिले का बनाया गया प्रभारी

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल को छत्तीसगढ़ चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी ने सूरजपुर जिले का प्रभारी नियुक्त किये है। मुकेश अग्रवाल इस जिले में संगठन के विस्तार के काम के साथ-साथ जिले के व्यापारीयों की समस्याओं का भी निदान करने में सहयोग करेंगे।राज्य शासन की योजना ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रिपा) के क्रियान्वयन के लिये सूरजपुर जिले में चेंबर आफ कामर्स के प्रतिनिधि के रूप में भी कार्य करेंगे। इस जिले में जिला प्रशासन की रिपा योजना में व्यावसायियों को उद्योग लगाने हेतु छत्तीसगढ़ चेंबर आफ कामर्स व्यापारीयों को प्रोत्साहित कर उद्योग की स्थापना करायेगी। जिससे की जिले में रोजग़ार के अवसर बेरोजग़ारों को मिल सके और यह जिला विकास के पथ पर अग्रसर हो सके।



# एसडीओपी ने कुसमी थाना के अधिकारियों कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली

-उपेश सिन्हा-
**कुसमी ,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
बलरामपुर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर कुसमी अनुभाग के एसडीओपी रितेश चौधरी ने कुसमी थाना के प्रभारी सुनिल कुमार केरकेट्टा के उपस्थिति में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली ,बैठक में पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर पुलिसिंग करने के निर्देश दिये गये है, एसडीओपी ने बैठक के दौरान अधिकारी कर्मचारी को थाना क्षेत्र के अंतर्गत मर्ग गुम इंसान की विवेचना जल्द करने को कहा साथ ही थाना क्षेत्र में रात्री पैट्रोलिंग महिलाओं बालिकाओं बच्चों से जुड़े अपराध को तत्काल निराकरण एवं लोगो की सुरक्षा के लिये बने ऐप अभिव्यक्ति ऐप को अधिक से अधिक लोगो को जानकारी देकर डाउनलोड कराने के साथ साथ अन्य अपराध की घटना को रोकने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश समीक्षा बैठक में पुलिस के अधिकारीयो कर्मचारियों को एसडीओपी रितेश चौधरी ने दी।



# ग्राम साल्ही के बच्चे अंग्रेजी माध्यम से कर सकेंगे स्कूली शिक्षा पूरी

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के पहल से उदयपुर विकासखंड के खनन प्रभावित क्षेत्र के बच्चे अब सीबीएसई बोर्ड की अंग्रेजी माध्यम से पूरी स्कूली शिक्षा पा सकेंगे। 10 वी के बाद आगे की पढ़ाई के लिए अन्यत्र भटकना नही पड़ेगा। बरसो पुरानी मांग पूरी होने से खनन प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी छाई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के पहल पर धन्यवाद ज्ञापित किया है। उदयपुर के परसा ईस्ट -केते -बासेन के कोयला खनन प्रभावित ग्राम साल्ही में राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के द्वारा संचालित सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अगले शिक्षा सत्र 2023 से 11वी एवं 2024 से 12 वी की पढाई शुरू हो जाएगी। इस सबन्ध में आरवीयूएनएल के द्वारा मंजूरी देते हुए कलेक्टर को अवगत कराया गया है। ज्ञातव्य है कि उदयपुर विकासखण्ड के परसा ईस्ट-केते-बासेन में राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन लिमिटेड के द्वारा कोयला उत्पादन किया जा रहा है। कंपनी द्वारा कोयला खनन प्रभावित ग्राम साल्ही में कक्षा पहली से 10 वी तक सीबीएसई बोर्ड की अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित किया जा रहा है जहां खनन प्रभावित परिवार के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है। इस स्कूल से 10 वी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अंग्रेजी माध्यम से हायर सेकेण्डरी की पढ़ाई के लिए विद्यर्थियों को भटकना पड़ता है। खनन प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस स्कूल में हायर सेकेण्डरी कक्षा शुरू करने के लिए जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा था। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने इस स्कूल में हायर सेकेण्डरी की कक्षाएं शुरू करने हेतु पहल करते हुए आरवीयूएनएल के अधिकारियों को तत्काल अवश्यक कार्यवाही करने कहा था। जिला प्रशासन द्वारा खनन प्रभावित क्षेत्र के लोगां की समस्याओं का निराकरण तथा क्षेत्र में विकास के कार्य हेतु रोड मैप तैयार करने लगातार समाधान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।



CMYK

## संक्षिप्त समाचार



### एसपी के नाम बनाया क्लोन फेसबुक आईडी, हैकर्स के खिलाफ केस दर्ज

**कवर्धा, 25 सितम्बर 2022।** कबीरधाम जिले के एसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह के नाम पर फेसबुक क्लोन आईडी बनाकर हैकर्स लोगों से फ्रॉड कर रहा है। हैकर्स के द्वारा फेसबुक का क्लोन बनाकर लोगों से पैसे की मांग की जा रही है। इस बात की जानकारी होने के बाद एसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह ने लोगों से पैसा नहीं देने की अपील की है। साथ ही उन्होंने ऐसे लोगों से सावधान रहने की बात भी कही है।

बता दें कि इस प्रकार से क्लोन आईडी बनाकर पैसे मांगने का यह कारनामा कोई नया नहीं है लेकिन कई लोग अभी भी ऐसे हैं जिन्हे इस बात की जानकारी नहीं होती और वे झांसे में आकर पैसे दे देते हैं और बड़ी ठगी का शिकार हो जाते हैं।

### जनता कांग्रेस को फिर झटका, बीजेपी में शामिल हुए दिग्गज नेता

**मनेंद्रगढ़, 25 सितम्बर 2022।** धमरजीत के खिलाफ कार्रवाई के बाद से जेसीसीजे में फूट जारी है। आज एक और नेता ने पार्टी से नाता तोड़ लिया। मनेंद्रगढ़ से विधानसभा के प्रत्याशी रहे लखनलाल श्रीवास्तव ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। पार्टी छोड़ने के बाद लखनलाल श्रीवास्तव फिर से बीजेपी में शामिल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी छोड़कर गलती की थी। बीजेपी में वापसी पर लखनलाल श्रीवास्तव ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। कहा कि टिकट मांगना हर कार्यकर्ता का अधिकार है। फिलहाल पार्टी से मुझे जो जिम्मेदारी मिलेगी उसे निभाउंगा।

### भारतीय बैडमिंटन टीम के राष्ट्रीय कोच गोपीचंद ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से की मुलाकात



**रायपुर, 25 सितम्बर 2022।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में भारतीय बैडमिंटन टीम के मुख्य कोच गोपीचंद ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में उपलब्ध खेल सुविधाओं के संबंध में चर्चा करते हुए गोपीचंद को राजकीय गमछा और स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

# गंगाजल पर गरमाई सियासत,क्या डॉ.रमन सिंह पर होगी कार्रवाई ?




**रायपुर, 25 सितम्बर 2022।** साल 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नेताओं ने गंगाजल की कसम खाई थी। अब 2023 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले यह कसम मुद्दा बनता दिख रहा है। भाजपा ने महासमुंद में गंगाजल कलश यात्रा शुरू किया है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इसमें कहा कि कांग्रेस नेताओं ने गंगाजल की कसम खाकर शराबबंदी का वादा किया था। अब चार साल में भी शराबबंदी नहीं लागू कर पाए।

कांग्रेस ने इस बयान को झूठ बताया है। छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि रमन सिंह इस झूठ के लिए माफी मांगें नहीं तो कांग्रेस कानूनी कार्रवाई करेगी। कांग्रेस ने रविवार को प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में 2018 में हुई उस पत्रकार वार्ता का वीडियो भी दिखाया, जिसमें कांग्रेस के तत्कालीन नेता आरपीएन सिंह किसानों की कर्जमाफी के मुद्दे पर गंगाजल उठाते दिख रहे हैं।

छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा, उस पत्रकार वार्ता में वे खुद भी थे। उन लोगों ने कर्जमाफी का वादा लेकर गंगाजल उठाया था। कहा गया था कि सरकार बनने के 10 दिन के भीतर कर्ज माफ किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने 2 घंटे के भीतर कर्जमाफी का फैसला लेकर गंगाजल का सम्मान रखा। रमन सिंह और भाजपा तो लगातार गंगाजल और उसकी कसम का अपमान कर रहे हैं। त्रिवेदी ने कहा, डॉ. रमन सिंह उस समय मुख्यमंत्री थे। वे अगर इस विषय में गलत बयानी करें तो इससे ज्यादा दुःखद कुछ नहीं हो सकता। रमन सिंह को भी पता है कि वे झूठ बोल रहे हैं। हमने उन्हें तीन दिन का समय दिया है। इसके भीतर उन्होंने गंगाजल लेकर अपने इस बयान का खंडन नहीं किया तो कानूनी कार्रवाई होगी। उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। नहीं माने तो रिपोर्ट दर्ज होगी। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि हमने हाथ में गंगाजल उठाकर सरकार बनने पर 10 दिन के भीतर किसानों का कर्जा माफ करने का वादा किया था जिसे मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद भूपेश बघेल ने 2 घंटा के भीतर पूरा किया और प्रदेश के 20 लाख किसानों का कर्जा माफ हुआ है। कांग्रेस के 36 बिंदुओं के घोषणा पत्र में कहीं भी बेरोजगारी भत्ता जैसे शब्दों का उल्लेख ही नहीं है बल्कि 2003 में भाजपा ने सरकार बनने पर 12वीं पास युवाओं को 500 रु महीना बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था और 15 साल नहीं दिया था।

# देश में महंगाई की जो परिस्थितियां है,वह सबके लिए चिन्ता का विषय : टी.एस.सिंहदेव



**भिलाई ,25 सितंबर 2022।** आज कांग्रेस पार्टी के छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टी.एस.सिंहदेव ने सुपेला स्थित इंडियन कॉफी हाऊस में कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा के संबंध में एक प्रेस वार्ता ली। कांग्रेस पार्टी की ओर से श्री सिंहदेव को छत्तीसगढ़ का भारत जोड़ो यात्रा का प्रभारी बनाया गया है। श्री सिंहदेव ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि यह भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से शुरु होकर डेढ़ सौ दिन की पदयात्रा में छत्तीसगढ़ से सौ कांग्रेस कार्यकर्ता पांच दिनों तक राहुल गांधी के साथ शामिल होंगे।

श्री सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस की पदयात्रा प्रत्येक मतदान केंद्र, प्रत्येक घर तक पहुंचेगी। इसके लिए जिला, ब्लाक, मण्डल, जोन और सेक्टर प्रभारी बनाकर उन्हें जिम्मेदारी दे दी गई है। यात्रा दो पालियों में सुबह 7 से 10.30 और अपरान्ह 3 से 6.30 तक होगी। 75 दिनों में प्रदेश के सभी पोलिंग बूथो तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है।

आगे उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की अगुवाई में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सुरक्षा कारणों से सिर्फ 3 सौ लोग चलेंगे। जिनमें से स्थायी साथी रहेंगे , 100 उस राज्य से होंगे जहां से पदयात्रा गुजरेगी। जबकि 100 लोग उन राज्यों से होंगे जो यात्रा के मार्ग से छूट गए है। छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी संभवतः मध्यप्रदेश में यात्रा में शामिल होंगे। वे अपने साथ यहां कि प्रमुख नदियों का जल, मिट्टी और पौधे लेकर चलेंगे जिसे यात्रा के मार्ग में रोपित किया जाएगा।

आगे उन्होंने कहा कि यात्रा का मकसद केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों और महंगाई की विभीषिका को लोगों तक पहुंचाना और पोलिंग बूथ तक कांग्रेस को मजबूत करना है।

श्री सिंहदेव ने कहा कि घोषणा पत्रों में हमारी सरकार ने जो-जो वादे किए थे, अभी तक पूर्णतः वह वादे पूरे नहीं हो पाए है, इस पर काम जारी है। शराबबंदी के वादे पर उन्होंने कहा कि शराबबंदी पर अभी सरकार आपस में विचार-विमर्श कर रही है जिसका जल्द ही कुछ अच्छा परिणाम देखने को मिलेगा। देश में महंगाई की जो परिस्थितियां है वह सबके लिए चिन्ता का विषय है, जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रेस वार्ता में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टी.एस.सिंहदेव, पूर्व विधायक बद्रुदीन कुरैशी, अरूण सिंह सिसोदिया व अन्य कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी इंस्पायर अवॉर्ड मानक में छत्तीसगढ़ से दो प्रतिभागी चयनित

## स्कूली बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**रायपुर, 20 सितंबर 2022।** देश की राजधानी नई दिल्ली में बीते 14 से 16 सितम्बर तक इंस्पायर अवॉर्ड मानक तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रदर्शनी व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में भारत के सभी राज्यों से लगभग कुल 560 प्रतिभागी अपने आईडिया, मॉडल एवं प्रोजेक्ट के साथ शामिल हुए। इंस्पायर अवार्ड मानक एवं विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा निर्धारित निर्णायक समिति के सदस्यों द्वारा सभी आईडिया, मॉडल एवं प्रोजेक्ट का अवलोकन एवं मूल्यांकन किया गया। इस प्रक्रिया के पश्चात छत्तीसगढ़ के दो स्कूली छात्रों के प्रोजेक्ट का चयन किया गया है। राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रदर्शनी व प्रतियोगिता के चयनित 60 प्रतिभागियों को विज्ञान भवन नई दिल्ली में समापन समारोह में केन्द्रीय मंत्री, अंतरिक्ष विभाग और परमाणु ऊर्जा विभाग, स्वतंत्र प्रभार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय जितेन्द्र सिंह ने पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के संचालक लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ सुनील कुमार जैन के मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं नेतृत्व में तथा राज्य नोडल अधिकारी एवं उप संचालक लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ आशुतोष चावरे के दिशा-निर्देशों के अनुसार 30 प्रतिभागी एवं 07 अधिकारी तथा गाइड शिक्षक टीम लीडर सहायक राज्य नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ हरीश वरू के साथ नई दिल्ली पहुंचे थे। राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतियोगिता में भारत के सभी राज्यों से चयनित 60 प्रतिभागियों में छत्तीसगढ़ से 02 प्रतिभागी जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, रायपुर के छात्र अदित द्वारा बनाए गए बायोडिग्रेडेबल नेचुरल स्वीटनर कोटेड डिस्पोजेबल के साथ एंबेडेड औषधीय इम्यूनोबूस्टर जड़ी-बूटी मिश्रण एवं विचक्षण जैन विद्यापीठ कुम्हारी दुर्ग के छात्र हरित चंदानी द्वारा बनाए प्रोजेक्ट चाईल्ड लॉक एल.पी.जी. सिलेण्डर के आइडिया को चयनित किया गया।

इंस्पायर अवॉर्ड मानक एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रतिभागियों में छत्तीसगढ़ के चयनित सभी प्रतिभागियों को संचालक, लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ सुनील कुमार जैन, राज्य नोडल अधिकारी एवं उप संचालक लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ आशुतोष चावरे, सहायक राज्य नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ हरीश बरू तथा इंस्पायर कक्ष प्रभारी दिनेश कुमार बंजारे एवं वैभव साहू तथा सभी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला नोडल अधिकारी, ब्लॉक नोडल अधिकारी गाइड शिक्षक तथा इंस्पायर टीम की तरफ ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# नक्सलियों ने मोटर बोट को अपने कब्जे में लिया,एसपी का बयान आया सामने



**बीजापुर, 25 सितम्बर 2022।** नक्सल प्रभावित बीजापुर और नारायणपुर के सरहदी 7 गांवों में पिछले दो माह में 39 ग्रामीणों की मौत का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार प्रभावित गांवों में भेजी जा रही हैं। लेकिन रविवार को दवाई और आवश्यक सामग्री प्रभावित गांवों तक पहुंचाने के लिए इंद्रावती नदी में रखे गए मोटर बोट को नक्सलियों ने अपने कब्जे में ले लिया।

दरअसल आज बीजापुर विधायक विक्रम साह मंडावी, कलेक्टर और एसपी प्रभावित गांव के ग्रामीणों से चर्चा करने पहुंचे थे। इंद्रावती के तट पर बसे उसपरी गांव से प्रशासन के लौटने के तुरंत बाद ही माओवादियों ने मोटर बोट को अपने कब्जे में ले लिया। इस पर एसपी ने कहा कि इस वारदात की जानकारी मिली है, तस्दीक की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले अबूझमाड़ में नारायणपुर और बीजापुर के सरहदी इलाकों में 39 ग्रामीणों की मौत की खबर के बाद आज बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और विधायक विक्रम शाह मंडावी, कलेक्टर और एसपी के साथ ग्रामीणों से मिलने प्रभावित गांव तक पहुंचे थे। नदी में बाढ़ ज्यादा होने के कारण ग्रामीणों को इंद्रावती नदी के पास बुलाकर उन से चर्चा की गई। साथ ही जनपद सीईओ पटवारी और सचिव समेत करीब 20 से 25 सदस्य टीम को एक बार फिर से उन प्रभावित गांव की ओर रवाना किया गया है, जहां पर ग्रामीणों की मौत हुई है। अभी भी कई ग्रामीण गंभीर रूप से बीमार है। ग्रामीण से मुलाकात के बाद विधायक पूरे अमले के साथ वापस बीजापुर लौट आए हैं। साथ ही ग्रामीणों को उचित इलाज और स्वास्थ्य सुविधाएं देने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

# 54 आदिवासियों की मौतः ये दावा कर बीजेपी बोली-संवेदनहीन है छत्तीसगढ़ की सरकार

**कांकेर, 25 सितम्बर 2022।** छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल इस समय बस्तर संभाग के दौरे पर हैं। आज कांकेर के सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान नेता द्वय ने सरकार पर संवेदनहीन होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इंद्रावती नदी के उसपार 54 आदिवासियों को मौत हो गई है। 50 लोग अभी भी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार के कोई भी नुमाइंदे उन ग्रामीणों तक नहीं पहुंचे, न कवासी लखमा गए ना ही मोहन मरकाम गए। नेता प्रतिपक्ष ने ग्रामीणों की मौत की सूची गिनाई।



इस सूच में नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर के ग्रामीणों के मरने वालों के नाम थे। नारायण सिंह चंदेल ने आगे आरोप लगाते हुए कहा कि भूपेश बघेल और टी एस सिंहदेव में आपसी संवाद नहीं होने से ऐसी परिस्थिति का निर्माण हो रहा है और ग्रामीणों की मौत की सूची ग्रामीणों ने ही उपलब्ध कराई है।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि इंद्रावती के उस पर 54 लोगों की मौत हो गई है। सरकार आज तक वहां नहीं पहुंच पाई है।

# सरोज पांडे के वीडियो पर मंत्री अमरजीत भगत ने कसा तंज



**राजपुर, 25 सितम्बर 2022।** राज्यसभा सांसद सरोज पांडे ने अकलतरा की खराब सड़क को लेकर सोशल मीडिया में एक वीडियो अपलोड किया है। जिस पर कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत का बयान सामने आया हैं। उन्होंने कहा है कि सांसद सरोज पांडे को रायपुर के स्काईवॉक में खड़ी होकर फोटो खींचना चाहिए और फिर इसे सोशल मीडिया में वायरल करना चाहिए। ताकि अपनी सरकार के भ्रष्टाचार कार्यों को जनता के बीच ला सकें। मंत्री भगत ने कहा भाजपा नेताओं को आम जनों की समस्याओं को भी ज्यादा से ज्यादा पोस्ट करना चाहिए जिससे केंद्र की विफलताओं को सामने लाया जा सकें।



बता दें पिछले दिनों सांसद सरोज पांडे ने अकलतरा में खराब सड़क को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड करते हुए कहा था कि गड्ढे में सड़क है या सड़क में गड्ढा है यह समझ में नहीं आता। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी राज्य में सड़कों की स्थिति को सुधारने के लिए सख्त दिशा-निर्देश दे रहे हैं। इतना ही नहीं विभाग के ENC को भी पिछले दिनों हटाया गया था।

# सरकारी नौकरी की ऐसी चाह कि चपरासी की पोस्ट के लिए इंजीनियर से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट छात्र हुआ शामिल



**रायपुर, 25 सितम्बर 2022।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने पहली बार चपरासी जैसी छोटी पोस्ट के लिए परीक्षा आयोजित की थी, लोक सेवा आयोग आज तक बड़े पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन निकाल रहा था। इस परीक्षा में शामिल छात्रों को देख कर यही लगा कि नौकरी चाहे कोई भी हो लेकिन सरकारी ही चाहिए। इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रो की मिनिमम एजुकेशन 8 वीं पास मांगी थी लेकिन इस पोस्ट के लिए इंजीनियर से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट ने भी फॉर्म भरा था।

इस परीक्षा में 2 लाख 25 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हुए। अभ्यर्थियों की माने तो हाई लेवल तक पढ़ाई करने के बाद भी नौकरी नहीं मिल रही, इसलिए उन्होने इस पोस्ट के लिए अप्लाई किया है।आपको बता दें कि इस परीक्षा के माध्यम से कुल 91 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

ऐसा पहली बार हुआ है कि पीएससी ने चपरासी के पदों में भर्ती के आवेदन मंगाए थे। अब तक ऐसी परीक्षाओं का आयोजन छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल की ओर से किया जाता रहा है, हालांकि पीएससी से होने वाली प्यून भर्ती परीक्षा में भी कड़े कंपटीशन के आसार हैं, क्योंकि भर्ती के लिए न्यूनतम योग्यता आठवीं पास मांगी गई थी।

# छत्तीसगढ़ सरकार ने किए 177 एमओयू,90 से अधिक इकाइयों ने शुरू की उद्योग स्थापना

**रायपुर, 25 सितम्बर 2022।** छत्तीसगढ़ सरकार की औद्योगिक नीति से प्रदेश में पूंजी निवेश को बढ़ावा मिल रहा है। उद्योग के लिए अनुकूल माहौल मिलने से नए उद्योग आ रहे हैं। इज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत छत्तीसगढ़ सरकार ने नई औद्योगिक नीति 2021-2024 में उद्योगों की स्थापना से जुड़े नियमों को सरल बनाया है।

इसी के तहत प्रदेश में उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने 177 एमओयू किए हैं। जिसमें 89 हजार 597 करोड़ रुपए का पूंजी निवेश प्रस्तावित है, इनमें से 90 से अधिक इकाईयों ने उद्योग स्थापना की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जबकि 11 इकाईयों ने व्यवसायिक उत्पादन प्रारम्भ कर दिया है, जिसमें 1513 करोड़ रुपए का पूंजी निवेश एवं राज्य के 2 हजार 515 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हुआ है।

राज्य की औद्योगिक इकाईयों को 423.15 करोड़ स्थायी पूंजी निवेश अनुदान की राशि राशि प्रदान किया गया है। राज्य की औद्योगिक इकाईयों को विगत साढ़े तीन सालों में राशि रू. 140.97 करोड़ ब्याज अनुदान राशि प्रदान की गई है। बता दें कि उद्योगों को विभिन्न स्वीकृतियां प्रदान करने के लिए एकल खिड़की प्रणाली लागू की गई है, कठिन प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है।

राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला वर्ग के उद्यमियों द्वारा 5 करोड़ रुपए के पूंजीगत लागत तक के नवीन उद्योगों की स्थापना के लिए 25 प्रतिशत, अधिकतम सीमा 50 लाख रुपए मार्जिन की राशि अनुदान दिए जाने का प्रावधान, ओबीसी वर्ग के लिए औद्योगिक क्षेत्रों में 10 प्रतिशत भूखण्ड आरक्षण का निर्णय किया है, जबकि पहले की औद्योगिक नीति में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए कोई प्रावधान नहीं था।

सरकार द्वारा भूमि आवंटन भू-प्रब्याजी में 30 प्रतिशत और भू-भाटक में 33 प्रतिशत की कमी भी की गई है। ऐसे ही अनेकों सेवाओं के लिए ऑनलाइन सुविधा भी प्रदान की गई है। उद्योगों के लिए जमीन आवंटन और जमीन को फ्री होल्ड करने के व्यावहारिक प्रावधान करने समेत अनेकों कदम उठाए गए हैं जिससे प्रदेश में उद्योग एवं व्यवसाय के लिए अच्छा माहौल बन रहा है।



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य में विभिन्न सेक्टरो में उद्योगों को न केवल बढ़ावा मिल रहा है बल्कि प्रदेश में औद्योगिक विकास की संभावनाओं को गति और उद्योग से जुड़े हर सेक्टर में नवाचार को प्रोत्साहन भी मिल रहा है। प्रदेश में विगत पौने चार सालों में कुल 2 हजार 2 सौ 18 औद्योगिक इकाईयां स्थापित हुई हैं, जिनमें 21 हजार 4 सौ 57.29 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है।

इन उद्योगों में अब तक 40 हजार 3 सौ 24 लोगों को नियमित रोजगार का जरिया मिला है। छत्तीसगढ़ सरकार की उद्योग हितैषी नीतियों के कारण प्रदेश में जहां नए-नए उद्योग स्थापित हो रहे हैं वहीं शहरों के साथ-साथ गांवों में भी बदलाव की नई बयार आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसंस्करण की लघु इकाइयां स्थापित की जा रही हैं, स्थानीय उपलब्धता के आधार पर प्रसंस्करण, पैकेजिंग की सुविधा भी दी जा रही है, जिसका लाभ उद्योग और व्यापार जगत को भी मिल रहा है। अब तक प्रदेश में 4 सौ 86 खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां स्थापित हुई हैं, जिनमें 930 करोड़ 88 लाख रुपए के पूंजी निवेश के साथ ही 4 हजार 635 लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा उद्योग विकास के लिए जिस तरह से नीतियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है उसकी तारीफ भारत सरकार भी कर रही है। हाल ही में केंद्रीय उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा की गई स्टेट्स स्टार्टअप रैंकिंग में छत्तीसगढ़ को स्टार्टअप्स ईको सिस्टम के विकास के लिए एस्पायरिंग लीडर के रूप में सम्मानित किया है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए कई सराहनीय पहल की गई है। जिनमें स्टार्टअप पॉलिसी की स्थापना, स्टार्टअप्स के लिए करों में छूट और अनुदान का प्रावधान, इन्क्यूबेटर्स की स्थापना और उनका उन्नयन प्रमुख पहल है। इन्क्यूबेटर्स के माध्यम से स्टार्टअप्स के लिए को-वर्किंग स्पेस, मेंटरशिप, फंडिंग और प्रौद्योगिकी सपोर्ट के प्रावधान किए गए हैं।

उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने 177 एमओयू किए हैं। जिसमें 89 हजार 597 करोड़ रुपए का पूंजी निवेश प्रस्तावित है, इनमें से 90 से अधिक इकाईयों ने उद्योग स्थापना की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जबकि 11 इकाईयों ने व्यवसायिक उत्पादन प्रारम्भ कर दिया है, जिसमें 1513 करोड़ रुपए का पूंजी निवेश एवं राज्य के 2 हजार 515 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हुआ है। राज्य की औद्योगिक इकाईयों को 423.15 करोड़ स्थायी पूंजी निवेश अनुदान की राशि राशि प्रदान किया गया है। राज्य की औद्योगिक इकाईयों को विगत साढ़े तीन सालों में राशि रू. 140.97 करोड़ ब्याज अनुदान राशि प्रदान की गई है।

नवीन फूडपार्क की स्थापना के लिए 146 विकासखण्डों में से 112 विकासखण्डों में भूमि का चिन्हांकन किया जा चुका है और चिन्हांकित विकासखण्डों में से 52 विकासखंडों में शासकीय भूमि का हस्तांतरण आदेश भी जारी किया जा चुका है। अब तक कुल 10 नवीन फूडपार्क के स्थापना की स्वीकृति दी जा चुकी है। जिसमें से सुकमा जिले के ग्राम सुकमा में 5,900 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर फूडपार्क की स्थापना के लिए अधोसंरचना विकास कार्य पूरा किया जा चुका है, स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से क्षेत्रीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर फूडपार्क तैयार किया जाएगा।

राज्य सरकार एथेनाल प्लांट की स्थापना को भी प्रोत्साहित कर रही है। कवर्धा जिले में जल्द ही कृषि आधारित एथेनाल प्लांट की शुरुआत होगी, जहां गन्ने से एथेनाल बनाया जाएगा। सरकार ने औद्योगिक नीति 2019-24 में उच्च प्राथमिकता उद्योगों की श्रेणी में एथेनाल प्लांट की स्थापना को शामिल किया गया है, जिसे सामान्य उद्योगों से 10 प्रतिशत अधिक औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्राप्त होंगें। प्लांट्स की स्थापना से क्षेत्रीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और आर्थिक समृद्धि का आधार बनेगा।

# पुलिस ने मोटर सायकल चोर गिरोह का किया भांडाफोड़



## 10 लाख रूपये कीमत के 15 नग मोटर सायकल जफ्त। 3 वर्ष पूर्व हुई थी आरक्षक की स्कॉर्पियो चोरी ?



-ओंकार पाण्डेय-

**सूरजपुर 25 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**

18 सितंबर को वार्ड क्रमांक 04 महगवां सूरजपुर निवासी मुस्तैशन बहना ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 अगस्त को उसकी एचएच डिलक्स मोटर सायकल को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया है। रिपोर्ट पर धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने थाना प्रभारी को मोटर सायकल चोरी पर अंकुश लगाने एवं चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रकाश राठौर ने एक टीम बनाकर मोटर सायकल चोर की पतासाजी के लिए सूचना तंत्र को एक्टिव करते हुए गंभीरतापूर्वक पतासाजी करने लगाया। बीते दिन थाना प्रभारी सूरजपुर को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि 3 व्यक्ति पुराना बस स्टैण्ड के पास मोटर सायकल बिक्री करने के लिए ग्राहक की खोज कर रहे है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर मोटर सायकल सहित राजा सोनवानी उर्फ सोनू पिता नरेश उम्र 19 वर्ष निवासी तुरियापारा-मानपुर, त्रयम्बक भास्कर पिता महिपाल उम्र 23 वर्ष निवासी पिपरा, थाना पटना, जिला कोरिया व राकेश सोनवानी पिता बच्चालाल उम्र 19 वर्ष निवासी खुटरापारा सोनहत, जिला कोरिया को पकड़ा गया।

पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि तीनों साहूगली में किराये का मकान लेकर रहते है, मानपुर से चोरी किए गए स्पलेण्डर मोटर सायकल से तीनों बैठकर महगवां गए और वहीं के एक घर के सामने खड़ी एचएच डिलक्स मोटर सायकल चोरी किए और उसे किराए के मकान में लाकर रख दिए। कड़ी पूछताछ पर आरोपियों ने कबूल किया कि इस वर्ष सूरजपुर से 09, अम्बिकापुर से 05 व पटना जिला कोरिया से 01 नग कुल 15 मोटर सायकल को विभिन्न स्थानों से चोरी करना बताये।

पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि चोरी किए गए 15 मोटर सायकलों को आपस में बाट लिए और चोरी की मोटर सायकल को ग्राम डुमरिया, थाना पटना निवासी उमेश सोनवानी, ग्राम पड़िता बचरापोड़ी थाना खड़गवां जिला कोरिया निवासी विनोद उर्फ बबलू एवं 1 विधि से संघर्षरत् बालक को बिक्री कर दिए। पुख्ता जानकारी के आधार पर इन तीनों को भी पकड़ा गया। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी की 15 मोटर सायकल कीमत करीब 10 लाख रूपये का जप्त कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, एएसआई रघुवंश सिंह, प्रधान आरक्षक मोहम्मद तालिब शेख, इसित बेहरा, आरक्षक रामकुमार नायक, लक्ष्मी नारायण मिर्रे, राधेश्याम साहू सक्रिय रहे।

### वारदात का तरीका

पुलिस के पूछताछ पर आरोपी राजा, त्रयम्बक व राकेश ने बताया कि तीनों भोर में 3 बजे घुम-घुमकर घर के बाहर खड़ी मोटर सायकलों का पहले रेकी करते थे और जिन मोटर सायकलों में हेण्डल लॉक नहीं लगा रहता था उसे पहले चोरी करते थे और जिन मोटर सायकल में हेण्डल लॉक रहता था उसके लॉक को तोड़कर, बाईक के तार के स्वीच को डायरेक्ट कर मोटर सायकल चालू कर चोरी कर ले जाते थे।

आरोपियों ने इन मोटर सायकलों को किया चोरी-

आरोपियों ने पटना, सूरजपुर व अम्बिकापुर के विभिन्न स्थानों से टीव्हीएस अपाचे 2 नग, हीरो एचएफ डिलक्स 6 नग, होण्डा पैशन प्रो-02 नग, होण्डा साईन 01 नग, बजाज प्लेटिना 1 नग, बजाज 220 पल्सर 1 नग, बजाज 150 सीसी पल्सर 1 नग एवं बजाज सीटी 100- 01 नग कुल 15 मोटर सायकलों को चोरी किया था। इन चोरों ने बड़े चालाकी से मोटर सायकलों के मूल नंबर प्लेट को बदलकर नकली नंबर प्लेट लगाकर तथा कुछ मोटर सायकलों के चेचिस नंबरों से भी छेड़छाड़ कर खरीददार को बिक्री किया था।

### पुलिस टीम होंगे पुरस्कृत

मोटर सायकल चोर गिरोह का भाडाफोड़ कर आरोपियों की गिरफ्तारी एवं करीब 10 लाख रूपये कीमत के 15 नग मोटर सायकल की बरामदगी पर पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने थाना सूरजपुर की पुलिस टीम को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

### पुलिस आरक्षक की स्कॉर्पियो वाहन चोरी के मामले में आज तक पुलिस के हाथ है खाली

जिले हो रही लगातार वाहनों की चोरी से पुलिस लिस विभाग की जमकर किरकिरी हो रही थी कार्यवाही के बाद लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास जागी है हालांकि शायद ही कोई ऐसा सत्ताह था की जिले में एक आद दो वाहनों की चोरी नहीं होती हो यह बात अलग है के लोगों ने कई लोगों ने चोरी की शिकायत दर्ज नहीं कराए हैं या पुलिस ने सिर्फ आवेदन लेकर वाहन स्वामियों को बैरंग लौटा दिया है जिससे चोरी की घटनाएं हुई है किंतु केस रजिस्टर कम हुए हैं जिससे आंकड़े चोरी के कम बताएं जा रहा है जबकि जिले में वाहन चोरी की सैकड़ों से मामले है। पुलिस विभाग के ही आरक्षक राजेश पटेल का स्कोर्पियो 3 वर्ष पूर्व होने के बाद भी आरोपी पुलिस के पकड़ से बाहर है। नए एसपी के आने बाद बरामद होने की उम्मीद जगी है। सूत्रों की माने तो पुलिस के नजरो में आरोपी है। जिन्हे पुलिस जल्द पकड़ लेगी और आम जन में ये संदेश भी देगी की पुलिस चोरों से चार कदम आगे है।

# लुंड्रा विधायक,जिला पंचायत उपाध्यक्ष और कांग्रेस जिलाअध्यक्ष ने गज आतंक से पीड़ित लोगों से मुलाकात की

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**

शहर से लगे ग्राम भकुरा और परसा के गज आतंक से पीड़ित लोगों से लुंड्रा विधायक,जिला पंचायत उपाध्यक्ष और कांग्रेस जिलाअध्यक्ष ने मुलाकात की।उन्होंने घायलों के समुचित उपचार और क्षतिपूर्ति का मुआवजा तत्काल देने का निर्देश दिया।हाथियों से बचाव के लिए सोलर फेंसिंग और हाई मास्क लाइट के लिए वन विभाग को प्रकरण तैयार करने कहा है।



पिछले दो दिनों से लुंड्रा विधानसभा के ग्राम परसा और भकुरा में दल से बिछड़ कर आये तीन हाथियों से जमकर उत्पात मचाया था। निर्माणाधीन यूनिवर्सिटी परिसर में एक महिला को कुचलकर मार दिया वहीं परसा में सीआरपीएफ कैम्प से एक घर को तहस नहस करने के साथ ही जान बचाकर भाग रहे पिता पुत्र को भी गंभीर रूप से जख्मी कर दिया आज स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव के निर्देश पर विधायक एवम मेडिकल सर्विसेज कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ प्रीतम राम,जिला पंचायत अध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता कांग्रेस की टीम के साथ परसा पहुंचे ग्रामीणों ने बताया तड़के पांच बजे तीन हाथियों के झुंड ने धर्मपाल विश्वकर्मा के घर पर धावा बोला। गज दल में शामिल एक हाथी कच्चे दीवार तोड़कर घर में घुस आया। जान बचाकर भाग रहे धर्मपाल और उसके पुत्र सतीश विश्वकर्मा पर दूसरे हाथी ने सामने से हमला कर दिया।इस हमले में पिता और पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विधायक एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष की पहल पर घायलों को बेहतर उपचार के लिए रायपुर भेजने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने वन अमले को अविलंब मुआवजा प्रकरण तैयार कर तय समय सीमा में भुगतान करने कहा। इस क्षेत्र में हाथियों का आना जाना लगा रहता है ग्रामीणों की मांग पर कैंपा मद से हाई मास्ट सोलर लाइट और बस्तियों के इर्द-गिर्द सोलर फेंसिंग करने निर्देशित किया।निर्धन और भूमिहीन परिवार की आर्थिक मदद के साथ ही उनके निशुल्क उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। जिला पंचायत उपाध्यक्ष भकुरा में हाथी की हमले मृत महिला के परिजनों से मिले और हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया। वन विभाग के एसडीओ ने बताया परिजनों को तत्काल सहायता के रूप में 25 हजार दिया गया है। एक माह के भीतर शेष मुआवजा राशि देने की व्यवस्था की जा रही है।इस दौरान मो इस्लाम उपाध्यक्ष, जिला प्रवक्ता आशीष वर्मा,गुरप्रीत सिद्धू,सीएमएचओ डॉ पीएस सिसोदिया, अविनाश कुमार, निखिल विश्वकर्मा, गौरी, सहित वन, राजस्व एवम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी साथ थे।

# अग्रसेन जयंती पर महाराज अग्रसेन गौ धाम का हुआ शुभारम्भ

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**

सत्यम ,द्विवेदी द्वारा संचालित पशु पुनर्वास केंद्र में,हर प्रकार के जीवो हेतु अलग अलग शाखा है जिसमे गायों के शेल्टर का नाम , अग्रसेन जयंती के उपलक्षा पर , महाराज अग्रसेन गौ धाम रखा गया है ! महाराज अग्रसेन गौ धाम , समस्त घायल , विकलांग , असहाय , दृष्टि हीन गौ वंश का आश्रय केंद्र है , चुकी अग्रवाल समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा सहयोगी रहा है , बेजूबां जीव हो या ईशान सभी की सेवा करना, अग्रवाल समाज का देश के निर्माण में अहम योगदान है। समाज के लोग हर काम में हमेशा अग्रणी रहे है। महाराजा अग्रसेन के दिखाए मार्ग पर आज भी समाज के लोग चल रहे हैं। कार्यक्रम में , शहर के सभापति एवम अध्यक्ष श्री अग्रवाल सभा अजय अग्रवाल , एवम , विनोद अग्रवाल जी अध्यक्ष , श्री विजय गोयल जी , श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल , अध्यक्ष अग्रवाल महिला सभा , निर्माण समिति , प्रेम लता गोयल जी पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल सभा , सीमा अग्रवाल जी , आशीष अग्रवाल जी , एवम अन्य सदस्य एवम सहयोगी सामिल हुए !



# सभी बूथों में सेवा भाव से मना दीनदयालजी का जन्मदिन

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**

जनसंघ संस्थापक व एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती अंबिकापुर मंडल के सभी बूथों में सेवा भाव से मनाई गई। आज सुबह 10 बजे पंडित दीनदयाल चौक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सभी बूथों में सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने किया। कई बूथों में स्वच्छता के कार्यक्रमों के साथ साथ बुजुर्गों हेतु सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित हुए। इस अवसर पर बूथ के कार्यक्रम में शामिल भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना पूरा जीवन गरीबों, पिछड़ों, दलितों के उत्थान में समर्पित कर दिया। उनका एकात्म मानववाद तथा अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति के जीवन को बदलने का उनका संकल्प ही भाजपा को अन्य दलों से अलग बनाता है। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को उनके बताये रास्तों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।



इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष प्रबोध मिंज, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, भारत सिंह सिसोदिया, कर्ता राम गुप्ता, अभिमन्यु गुप्ता, प्रशांत त्रिपाठी, अंबिकेश केशरी, विनोद हर्ष, मंजूषा भगत, मधुसूदन शुक्ला, मनोज गुप्ता, विकास पांडे, रूपेश डूबे, सर्वेश तिवारी, राम प्रवेश पांडे, संजय सोनी, कैलाश मिश्रा, विद्यानंद मिश्रा, वीरेंद्र बघेल, प्रयाग साहू, जन्मेजय मिश्रा, विश्वविजय तोमर, उमेश अग्रवाल, संजीव वर्मा, कमलेश तिवारी, अजय सिंह, नीलेश सिंह, पंकज गुप्ता, विमल मंदीलवार, छोटे थॉमस, शैलेन्द्र शर्मा, नीलम राजवाड़े, निशांत सिंह ,रॉनी मिश्रा, भारती सिंह, पूनम सिंह, दीक्षा अग्रवाल, छोटे लाल माथुर, आनंद सिंह, सुरेन्द्र चौबे, मनोज सोनी, रजनी बिंध, नवीन विश्वकर्मा, प्रियंका चौबे, सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आदित्यश्वर शरण सिंह देव और कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने स्वास्थ्य केंद्र के व्यवस्थाओं का लिया जायजा



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**

रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्यश्वर शरण सिंह देव और कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता विभिन्न उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं और उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष में उप स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की संख्या उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी लेने के साथ ही ग्रामीण जनों से उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उपस्वास्थ्य केंद्र असोला, भकुरा और परसा के निरीक्षण के प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, सिकलसेल, संक्रामक रोगों की जांच, ब्लडप्रेशर और डायबिटीज की मरीजो की संख्या और फॉलोअप की स्थिति की जानकारी ली। परसा में अस्पताल की चारदीवारी निर्माण में अनियमितता की शिकायत ग्रामीणों ने की जिसपर रेड क्रॉस अध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव सीजीएमएससी के अधिकारियों को जांच कर सुधार कराने और गड़बड़ी करने वालो पर कार्यवाही करने कहा।इस दौरान उप संचालक स्वास्थ्य डॉ पीएस सिसोदिया, बीएमओ सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### हम देंगे किराया,अस्पताल शुरू कीजिए

बीएमओ ने बताया भकुरा उपस्वास्थ्य केंद्र का पुराना भवन ध्वस्त हो गया है। नया भवन निर्माणाधीन है, उसे बनकर तैयार होने में समय लगेगा इसलिए उपस्वास्थ्य केंद्र का संचालन गांव में नही हो रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने किराए के भवन में आगामी एक अक्टूबर से उप स्वास्थ्य केंद्र शुरू करने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा है जब तक भवन बनकर तैयार नही होता तबतक भवन का किराया वे स्वयं वहन करेंगे

# नोकल फार वोकल भाजपा का सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम संपन्न

-संवाददाता-

**वाड्रफनगर,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**

बलरामपुर जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट चौक के पास मिशन रोड जाबर बाबा निवास , भाजपा कार्यालय में आज सेवा पखवाड़ा के तहत नोकल फार वोकल तथा नोकल से ग्लोबल अन्तर्ष्ट्रीय स्तर पर आत्म निर्भर भारत बनाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

बता दे की आपको भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रिय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पुरे भारत देश में संगठन के माध्यम से 17 सितम्बर मोदी जी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर कार्यक्रम संचालन करना है । जिसके तहत भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने पुरे प्रदेश में यह पखवाड़ा मानाने के लिए कहाँ जिस पर भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेन्द्र पटानी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजको वर्चुल बैठक लेकर आदेशित किया था ।

इस सबंध में भारतीय जनता पार्टी बलरामपुर के जिला अध्यक्ष ओमप्रकास जायसवाल के मार्गदर्शन में और एनजीओ प्रकोष्ठ के बलरामपुर संगठन प्रभारी सजल भट्टाचार्य के मार्गदर्शन में एवं प्रदेश संगठन से प्राप्त निर्देश पर बलरामपुर जिले के सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक बलवन्त सिंह ने सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम में विभिन्न कार्यक्रम हेतु भाजपा संगठन से मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारियो को प्रत्येक कार्यक्रम का प्रभारी नियुक्त किया गया ।

जिसके अंतर्गत पूर्व में ही देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा आत्म निर्भर भारत के संबंध में आह्वाहन किया गया था । जिस पर आज आत्म निर्भर भारत बनाने हेतु एक प्रयाश बलरामपुर जिले में वोकल फार नोकल और नोकल से ग्लोबल के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया । वोकल फार नोकल कार्यक्रम के जिला प्रभारी भाजपा जिला मंत्री अरुण केसरी , भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक धीरेन्द्र द्विवेदी एवं भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता बनाए गए थे । इन सभी के सहयोग से एनजीओ प्रकोष्ठ बलरामपुर की पूरी टीम ने आत्म निर्भर भारत से सबंधित कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगो का आह्वाहन कर मूल भुत आवश्यकता वाले वस्तुओ का प्रोडक्सन करने वाले ब्यक्तियों एवं स्वः सहायता समूह के बुला कर उनके लोकल उत्पाद को वोकल करने हेतु स्टाल लगाकर खरीदी भी किए ।



आज के नोकल फार वोकल के तहत आत्म निर्भर भारत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राज्य सभा सांसद रामविचार नेताम रहे... उन्होंने कहा की यहाँ उपस्थित सभी लोग देश के यशस्वी प्रधान मंत्री मोदी जी के सपने को पूरा करने हेतु और देश के आर्थिक स्थिति मजबूत करने एवं देश के लोगो को आत्म निर्भर बनाने के लिए सभी लोग संल्पित होकर क्षेत्रीय लोगो के नोकल उत्पादन को बढ़वा दीजिये और उन्हें प्रमोट भी करे । यह देश त्योहारो वाला देश है ज्यदातर प्रयाश करे की हम अपने त्योहारो में नोकल सामग्री को उपयोग करे और अन्य लोगो को भी प्रेरित करे । इनमे साथ भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकास जायसवाल , भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रामलखन पैकरा , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपल कृष्ण मिश्रा , भाजपा जिला कोषाध्यक्ष कन्हिया लाल अग्रवाल , पूर्व जिला महामंत्री ओमप्रकास सोनी , भाजपा जिला मंत्री अरुण केसरी , भाजपा नेता शैलेश गुप्ता , एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक धीरेन्द्र द्विवेदी , अजजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कमला सिंह , अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मेहिलाल आयाम , भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्णा गुप्ता , भाजपा जिला उपाध्यक्षा शशिकला भगत , भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक पवन कुमार गुप्ता , एनजीओ प्रकोष्ठ जिला आईटी प्रभारी महेश जायसवाल , एनजीओ प्रकोष्ठ जिला मीडिया प्रभारी विकास श्रीवास , सह मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार गुप्ता , जिला कार्यसमिति सदस्य अनिल कुमार , भाजपा नेता छोटे लाल गुप्ता , विजय तिवारी, शिवशंकर सिंह ,विनय यादव , चिकत्सा प्रकोष्ठ जिला मीडिया प्रभारी संतोष उपाध्याय , अमर द्वीप मिंज , भाजपा मंडल अध्यक्ष अजित सिंह , लोधी राम एक्का , भाजपा ब्यवसायिक प्रकोष्ठ जिला मीडिया प्रभारी अरविन्द सोनी , जिला कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकास गुप्ता , युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता एवं उनके साथी में अश्वनी गुप्ता सहित पूरी टीम सामिल होकर कार्यक्रम सफल बनाए । इसने साथ साथ बलरामपुर जिले के क्षेत्रीय लोगो जो नोकल उत्पाद वस्तुओ के निर्माता एवं कृष्णा , जीवन ज्योति , तुलसी स्व सहायता समूह द्वारा बनाए सामग्री वाले सामग्रियों को पूर्व राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम ने खुद खरीदी किए एवं सभी लोगो से भी आग्रह भी जिसके कारण सभी लोग नोकल सामग्री की खरीदी करते हुए आत्म निर्भर भारत बनाने के लिए संकल्प लिए । नोकल फार वोकल के तहत कार्यक्रम के मंच का संचालन धीरेन्द्र कुमार द्विवेदी किए एवं मंच में आए सभी अतिथियों का आभार अरुण केसरी किए । इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा पदाधिकारियो के साथ साथ सैकड़ो भाजपा एवं सभी मोर्चा और प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए ।

# संत गहिरा गुरु स्मृति फ़ुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ चिन्तामणी महाराज ने किया

-उपेश सिन्हा-

**कुसमी ,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**

संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक चिंतामणी महराज ने आज सामरीपाठ में संत गहिरा गुरु स्मृति विधानसभा स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ सामरीपाठ के खेल मैदान में फुटबाल में कीक मारकर किया, कार्यक्रम में ग्रामीण जनता के द्वारा भव्य स्वागत के साथ साथ आदिवासी संस्कृति को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई, कार्यक्रम से पहले विधायक महोदय के द्वारा सामरी के आदर्श गोठान में जाकर स्वयं सहायतासमूह के महिलायें से भेंट कर उनके द्वारा निर्मित वस्तुएँ की जानकारी ली और उन्हें अपनी और से सहयोग देने की बात कही ,सामरी के खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल खेल स्पर्धा में सामरी विधानसभा क्षेत्र तीनो ब्लाक के ,कुसमी,शंकरगढ़,राजपुर, के खिलाड़ीयो के बीच आपस फुटबॉल मैच खेला जा रहा है,इस फुटबॉल प्रतियोगिता में विधानसभा स्तरीय स्पर्धा में 64 टीमें एवं लगभग 700 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं,

उन्होंने इसके पूर्व दोनों टीमों के खिलाडि़यों से परिचय लिया और उन्हें खेल भावना से खेलने की नसीहत दी। साथ ही उन्हें खेल के साथ पढ़ाई में भी सफल होने की कामना की। दोनों टीमों के मध्य खेले जा रहे फुटबॉल मैच का आनंद भी लिया। इस अवसर पर लागूड वंशज रामचंद्र नगेसिया जी,तारा नगेसिया,जनपद पंचायत अध्यक्ष हुमंत सिंह ,नगर पंचयात अध्यक्ष गोवर्धन भगत ,ब्लांक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष विनोद यादव ,पूर्व नगर पंचयात उपाध्यक्ष एवं ज़िला सचिव अरुण गुप्ता,मज़दूर संघ ज़िला अध्यक्ष अरविंद तिवारी ,राजीव गांधी पंचायती राज संघटन ज़िला अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य खसरू बुनकर ,बी.डी. यादव जी.आई.पी. गुप्ता जी , पीसीसी सचिव दिनेश कुजूर ,वरिष्ठ कांग्रेसी डॉक्टर इमरान,मनोज यादव ,राजीव कुमार ,युवा कांग्रेस ज़िलाअध्यक्ष मुजसम नज़र ,पूर्व नगर पंचयात अध्यक्ष विनोद राम ,कामगार मज़दूर संघ ब्लांक अध्यक्ष मनान खान ,अनुसूचित जाति ब्लांक अध्यक्ष लवकुमार सोनवानी ,पार्षद छत्रपति प्रजापति , प्रदेश प्रतिनिधि सोनू अली ,मण्डी अध्यक्ष बलेस्वर राम ,ब्लांक कांग्रेस सहसचिव जवाहिर लकड़ा ,युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव पूर्णिमा सेमरिया ,युवा कांग्रेस से दीपक बुनकर ,संतोष इंजीनियर ,युवा कांग्रेस ब्लांक अध्यक्ष मिथलेश गुप्ता ,युवा कांग्रेस से सुनील सेन ,ब्लाक कांग्रेस सहसचिव विक्रम गुप्ता ,मोहिसिंन जी,विधायक प्रतिनिधि राशिद आलम ,व ग्रामवासी एवं कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे एवं फुटबाल कोच नॉईम खान, मधेस्वर बड़ाईक , पेमलाल केरकेटा,चंद्रसेखर राठोर,दिलीप राम, और खिलाड़ी मौजूद रहे



# ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**

राजीव युवा मितान क्लब द्वारा आयोजित ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ।विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम, प्रवक्ता आशीष वर्मा थे ।

हाईस्कूल मैदान में परसा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने कहा कि ग्रामीण खेल और सांस्कृतिक प्रतिभाओ को निखारने और गांव के विकास में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में राजीव मितान क्लब एक बेहतर प्रयास है। इसमें एक तिहाई भागीदारी महिलाओं की होनी चाहिए।उन्होंने युवा मितानो से खेल के साथ साथ गांव के मेधावी छात्र छात्राओं को उच्च और तकनीकी शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने कहा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव जब घोषणा पत्र बनाने निकले थे तब युवाओं ने उनसे खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए कुछ करने की मांग की थी। समाज के हर तबके का ध्यान रखने वाली छत्तीसगढ़ सरकार ने युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने की दिशा में बेहतर काम किया है। खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के द्वारा युवाओ में व्यक्तित्व विकास के साथ साथ नेतृत्व क्षमता भी विकसित होगा। प्रतियोगिता में फुटबॉल, खो खो, कबड्डी, जलेबी दौड़ जैसे खेल खेले जाएंगे। अतिथियों ने कबड्डी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ सिसोदिया,जिला प्रवक्ता गुरप्रीत सिद्धू, अविनाश कुमार, निखिल विश्वकर्मा सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।



# करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित पानी टंकी गुणवत्ताविहीन

-राजेन्द्र कुमार शर्मा-

**खड़गवां ,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।** नवीन जिला मनेद्रगढ चिरमिरी भरतपुर के खड़गवां विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खडगवा मुख्यालय कटकोना गिद्रमुडी आमाडाड मे करोड़ों रुपये की लागत से पानी टंकी निर्माण कार्य कराया जा रहा है ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा गुणवताहीन निर्माण कार्य किया जा रहा है इससे पानी टंकी खराब होने की आशंका बनी रहेगी। केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायतो मे आबादी के आधार पर सामान्य जन मानस एवं ग्रामीण जनता के लिए पीने का शुद्र पानी उपलब्ध कराने की योजना चल रही हैं इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतों में पानी टंकी का निर्माण कार्य किया जा रहा है।इसी योजना के तहत ग्राम खडगवा मुख्यालय कटकोना गिधमुडी आमाडाड मे भी पानी टंकी बन रही है और पाइप लाइन का विस्तारीकरण का कार्य जारी है।

इस संबंध में ग्रामीणों ने ठेकेदार पर आरोप लगाया है कि पानी टंकी के निर्माण कार्य में गुणवताहीन सामग्री का इस्तेमाल कर करोडो रुपए की लागत से पानी टंकी का निर्माण कार्य हो रहा है।

### ठेकेदार के मजदूरों के भरोसे ओव्हर हेड पानी टंकी का निर्माण कार्य किया जा रहा है

ओव्हर हेड पानी टंकी का निर्माण कार्य साइड इंजीनियर की अनुपस्थिति में मजदूरों के द्वारा किया जा रहा है। ऐसे में पानी टंकी की गुणवत्ता पर कई सवाल खडे हो रहे हैं।

वहीं पानी टंकी के निर्माण सथल पर निर्माण से संबंधित जानकारी के लिए कोई सूचना बोर्ड तक नहीं लगाया गया है कि पानी टंकी कयो बनाया जा रहा है किसके द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है इस पानी टंकी की कया लागत है कौन ठेकेदार है कया मजदूरी दर है इसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं मिली है और ठेकेदार पानी टंकी का निर्माण कार्य पूरा किया जा रहा है।





### पहले से है पानी टंकी नहीं हो रहा है उपयोग

ग्राम पंचायत खडगवा कटकोना आदि में पहले से ही 15 वर्ष ओव्हर हेड पानी टंकी बनाया जा चुका है।जिसका आज तक कभी इसतेमाल नहीं किया गया है जबकि यहां पर अधिकांश हैडपंप सूखे है क्योंकि यहां का वाटर लेवल काफी नीचे रहता है और पथरीला क्षेत्र होने के कारण भी वाटर लेवल सही नहीं है।ऐसे में इस ओव्हर हेड पानी टंकी के निर्माण पर सवाल उठ रहे हैं।

### जल जीवन मिशन का कार्य ठेकेदार की लापरवाही के कारण चढ़ रहा भ्रष्टाचार की भेंट

खड़गवां जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत खड़गवां कटकोना गिधमुडी आमाडाड में करोड़ों रूपए की लागत से जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है खड़गवां विकास खंड को भ्रष्टाचारियों के लिए सबसे सुरक्षित विकासखण्ड के रूप में माना जाता है। इस विकास खंड में जितने चाहे बड़े छोटे निर्माण कार्य एवं घोटाले कर लो बोलने वाला कोई नहीं है इसलिए निर्माण कार्यों को करने वाले ठेकेदार खुलकर भ्रष्टाचार करते हैं। और भ्रष्टाचार करने वाले ठेकेदारो पर ना तो विभाग और ना ही प्रशासन इन पर कार्रवाई करने की जरूरत समझता है निर्माण कार्य को करने वाले अधिकारी तो ठेकेदार पर मेहरबान बनकर भ्रष्टाचार का साथ देते हैं।

नव निर्मित करोड़ों रुपए की लागत से निर्माणाधीन पानी टंकी के निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा खुलकर भ्रष्टाचार करते हुए घटिया निर्माण सामग्री मे रेत गिट्टी छड बिना ब्रांड के छड का उपयोग कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस पानी टंकी के निर्माण कार्य में जिस जिस छड का उपयोग किया जा रहा है वो पूर्ण रूप से बिना ब्रांड आई एस आई के निर्माण कार्य मे इसतेमाल किया जा रहा है और छड के गुणवत्ता का प्रमाण पत्र ब्राडेंड आई एस आई ब्रांडेड छड का लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के पास जमा किया जा रहा है इस तरह का खेल ओव्हर हेड पानी टंकी के निर्माण कार्य में गुणवत्ता युक्त निर्माण सामग्री का उपयोग कर पानी टंकी का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### करोड़ों की लागत से हो रहे हैं मुख्यालय में घटिया ओव्हर हेड पानी टंकी का निर्माण कार्य

इस करोड़ों की लागत से हो रहे जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण कार्य को घटिया सामग्री नानट्रेड छड का उपायोग कर निर्माण कार्य कर रहे हैं। भ्रष्टाचार की पोल न खुल जाये इसलिए ठेकेदार द्वारा किसी प्रकार का कोई बोर्ड कार्य स्थल पर नहीं लगाया गया है जिससे किसी प्रकार कि कोई जानकारी स्थानीय ग्रामीणों को प्राप्त नहीं हो रही है। जबकि कार्य प्रारंभ होने से पहले निर्माण स्थल पर बोर्ड पर निर्माण संबंधित जानकारी अंकित किया जाना होता है।

# नौ दिन के लिए आएगी माँ अंबे!

» शक्ति की उपासना का पर्व शारदेय नवरात्रि आज से प्रारंभ।
» मंहगाई के बाद भी पूजा पंडालों को भव्यता देने की चल रही तैयारियां।
» प्रतिपदा तिथि आज घटस्थापना के साथ पंडालों में विराजेगी माँ दुर्गा।

-संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 25 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** शक्ति की उपासना का पर्व शारदेय नवरात्र आज सोमवार से प्रारंभ हो गया है। शारदेय नवरात्र प्रतिपदा से नवमी तक नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाया जा रहा है। शारदेय नवरात्र के प्रथम दिन के पहले सभी पण्डालों व मंदीरों में तैयारियां कर ली गई थी वहीं नवरात्र के प्रथम दिन देवी प्रतिमाओं की स्थापना कर मां शैलपुत्री की उपासना की गई। पहले दिन बैठकी पर मां की पूजा के लिए भव्य तैयारियां की गई, सुबह से ही मंदीर व पण्डालों में मां की आराधना के लिए भक्तगण उमड़ें रहे।

26 सितंबर से नवरात्रि का आगाज हो रहा है, जगत जननी मां अंबे की उपासना व आराधना का पर्व शारदेय नवरात्र सोमवार को देवी स्थलों पर घट कलश स्थापना के साथ शुरू हो गया है। बैठकी से नवरात्र जिले के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र और कोयलाचंल में मनाया जा रहा है। पटना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्रामीण व कालरी क्षेत्रों में जगह-जगह मां भवानी की भव्य प्रतिमा स्थापित कर आकर्शक पंडाल व साजसज्जा तैयार की जा रही है।

जगह-जगह विराजेगी मां दुर्गे- यहां आकर्शक विद्युत सजावट के साथ प्रतिदिन धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। नवरात्र शुरू होते ही जगत जननी मां के उपासक पुरे नौ दिन व्रत रखकर मां की पूजा व आरती कर रहे हैं। बैकुण्ठपुर, पटना, कटकोना, पाण्डवपारा, डुमरिया, रनई व आसपास के दुर्गोत्सव समिति द्वारा पंडालों में प्रतिमा स्थापित की गई हैं। पटना में आदर्श चौक, बाजारपारा, स्कूल मैदान, कटकोना में बाजारपारा, एसईसीएल पाण्डवपारा, सोरगा चौक, डुमरिया में खालपारा, पुटा पंचायत भवन के पास, अंगा शासकीय स्कूल मैदान, जमगहना स्कूल मैदान, तेन्दुआ अंवरा पारा स्कूल के पास, रनई शुक्ला जी के घर के सामने, कुड़ेली बाजारपारा सहित अन्य जगहों पर देवी प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी।



### महंगाई अपनी जगह है

यह अलग बात है कि मंहगाई बीते कई साल में असर डालने में पीछे नहीं रहीं है इसके बाद भी मूर्तिकारों के पास जिस तरह से प्रतिमा बनाने के आर्डर व डिमांड बढी है उससे कहीं से यह नहीं लगता है कि मंहगाई आस्था पर भारी पड़ने वाली है बावजूद सभी समितियां मां अम्बे की स्थापना में व्यस्त हैं।

मां शैलपुत्री की पूजा के साथ शुरू होगा नवरात्रि- 26 सितंबर से नवरात्रि का आगाज हो रहा है, मां दुर्गा के नौ स्वरूपों में नवग्रहों को नियंत्रित करने की शक्ति है मान्यता है कि नौ दिन तक देवी दुर्गा के 9 रूपों की पूजा करने से अलग-अलग विशेष लाभ मिलते हैं, शारदीय नवरात्रि के पहले दिन यानी कि अश्विन प्रतिपदा तिथि पर मां शैलपुत्री की पूजा का विधान है, मां शैलपुत्री पर्वतराज हिमालय की संतान हैं शैल अर्थात अडिग, दृढ़ता का प्रतीक हैं, मां दुर्गा से संपर्क साधने के लिए जातक का विश्वास भी अडिग होना चाहिए तभी भक्ति का फल मिलता है, मां शैलपुत्री को वृषोरूढ़ा, सती, हेमवती, उमा के नाम से भी जाना जाता है. घोर तपस्या करने वाली मां शैलपुत्री सभी पशु-पक्षियों, जीव की रक्षक मानी जाती हैं। मां शैलपुत्री श्वेत वस्त्र धारण कर वृषभ की सवारी करती हैं, देवी के दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है, ये मां दुर्गा का प्रथम स्वरूप हैं, मां शैलपुत्री को स्नेह, करूणा, धैर्य और इच्छाशक्ति का प्रतीक माना जाता है।

### नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा विधि

शारदीय नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा से पहले शुभ मुहूर्त में घटस्थापना करें. अखंड ज्योति प्रज्वलित करें और भगवान गणेश का अव्हान करें, मां शैलपुत्री की पूजा में सफेद रंग की वस्तुओं का प्रयोग करें. सफेद मां शैलपुत्री का प्रिय रंग है. स्नान के बाद सफेद वस्त्र धारण करें, पूर्व या उत्तर दिशा में मुख करके पूजा की चौकी पर लाल कपड़ा बिछाएं मां दुर्गा की तस्वीर स्थापित करें, मां शैलपुत्री को कुमकुम, सफेद चंदन, हल्दी, अक्षत, सिंदुर, पान, सुपारी,लौंग, नारियल 16 श्रृंगार का सामान अर्पित करें, देवी को सफेद रंग की पुष्प, सफेद मिठाई जैसे रसगुल्ला भोग लगाएं. पहले दिन मां का प्रिय भोग गाय के घी से बने मिष्ठान उन्हें अर्पित करें, धूप, दीप लगाकर मां दुर्गा के इस मंत्र का एक माला जाप करें, सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सवार्थ साधिके शरण्येत्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते, इसके साथ ही मां शैलपुत्री के मंत्रों का 108 बार का जाप करें, कथा पढ़े और फिर देवी की आरती करें. संध्या में भी रोजाना नौ दिन 9 देवियों की आरती करें।

# लायसेंस नवीनीकरण में नियमों का पेंच पड़ रहा भारी




-ओंकार पाण्डेय-

**सूरजपुर 25 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** आरटीओ दफ्तर में लायसेंस बनवाने के लिए वाहन चालकों को नियमों का पेंच भारी पड़ रहा है। आवेदन करने के बाद भी समय पर उनका लायसेंस नहीं बन पा रहा है। वही एजेंटों के माध्यम से लायसेंस बनवाने पर 25 दिन के भीतर लायसेंस जारी हो रहा है। ऐसे में लोगों में रोष पनपने लगा है। आम नागरिकों को लाइसेंस बनवाने के लिए सुविधा प्रदान करने के लिए राज्य परिवहन विभाग की ओर से सभी प्रक्रियाओं को ऑनलाइन कर दिया गया है। इसके तहत टू-व्हीलर या फोर व्हीलर के लिए लायसेंस बनवाने के लिए पात्रता रखने वाला कोई भी व्यक्ति लायसेंस बनवाने के लिए लोग नियमों की पेंच के आसानी से ऑनलाइन आवेदन कर चलते उनका लायसेंस नहीं बन पा रहा सकता है। वही दूसरी ओर एजेंटों के माध्यम से लायसेंस बनवाने पर 25 दिन के भीतर लायसेंस बन रहा है। सूत्रों की मानें तो आरटीओ दफ्तर में खुलेआम एजेंटों का बोलबाला है। स्वयं को आरटीओ एजेंट बताने वाले बिचौलिए वाहनों के रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस जैसे कार्यों के लिए आवेदकों से मोटी रकम वसूल रहे है, जबकि आरटीओ कार्यालय का सारा कार्य आनलाइन होता है। कार्रवाई के बाद भी दलाल यहां सक्रिय बने हुए हैं।लोगों ने बताया कि आरटीओ विभाग में लायसेंस बनाने के लिए लोगों को काफी मशक्कत करना पड़ रहा है। यहां दलालों का राज हावी है। उनसे लायसेंस बनवाने पर काम आसानी से हो जाता है।

### किया जा रहा गाइड लाइन का पालन

शासन के गाइड लाइन के अनुसार ही आरटीओ विभाग में लायसेंस बनाया जा रहा है। इसे लेकर अब तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। लेकिन शिकायत आने पर निश्चित ही कार्रवाई होगी

**अमित कश्यप**
जिला परिवहन अधिकारी सूरजपुर

# 50 नग नशीली कफ सिरप के साथ एक गिरफ्तार

-संवाददाता-

**सूरजपुर 25 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश के बाद अवैध नषें के कारोबारियों के विरूद्ध पुलिस की निरंतर कार्यवाही जारी है। थाना प्रतापपुर की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 1 व्यक्ति से 50 नग नशीली कफ सिरप जप्त कर उसे गिरफ्तार किया है।




रविवार को थाना प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम अमनदोन में नशीली कफ सिरप बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाष कर रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस ने ग्राम अमनदोन में घेराबंदी कर मोटर सायकल सहित राजू खान उर्फ मनउवर हुसैन पिता स्व. जफ्फर खान उम्र 29 वर्ष निवासी बाजारपारा थाना प्रतापपुर को पकड़ा जिसके कब्जे से नशीली कफ सिरप ऑनरेक्स 10 नग एवं फेनसिरेस्ट 40 नग कुल 50 नग कफ सिरप जप्त किया है जिसकी बाजारू कीमत 25 हजार रूपये है। मामले में नशीली कफ सिरप व परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में एसआई नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक राजेश यादव, रामाधीन श्यामले, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, अरविन्द पाण्डेय, मनोज राय, अनिल एक्का, अवधेश कुशवाहा, सत्यनारायण व प्रवीण सिंह सक्रिय रहे।

# बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य से किया जा रहा खिलवाड़

-राजेन्द्र कुमार शर्मा-

**खड़गवां ,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग के नवीन जिले मनेद्रगढ चिरमिरी भरतपुर मे विकास खंड खडगवा मे बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा। यहां आंगनबाड़ी केंद्रों में दिए जाने वाले रेडी टू ईट को लेकर प्रत्येक माह काफी गड़बड़ी की जा रही है दरअसल आंगनबाड़ी केंद्रों में दिए जाने वाले रेडी टू ईट में बड़ी लापरवाही करते हुए माह का आखिरी सप्ताह हो रहा है महिला बाल विकास परियोजना से अभी तक सेक्टर के समूहों को रेडी टू ईट का आवटन प्राप्त नहीं हुआ है।खडगवा विकासखंड परियोजना के एक एक सेक्टर में करीब 40 से 50 केंद्र हैं। इन आंगनबाड़ी केंद्रों में सैकड़ों की संख्या मे गर्भवती शिशुवती महिलाएंऔर हजारों की संख्या में बच्चे हैं, जिन्हें माह के आखिरी सप्ताह मे पूरे महिने का रेड्डी टू ईट प्रदान किया जाता है तो इस रेड्डी टू ईट फूड का लाभ गभर्वती शिशुवती एवं बच्चों को प्राप्त नहीं हो रहा है इसका लाभ तो जब रेड्डी टू ईट फूड समय पर प्राप्त होगा तभी गभर्वती शिशुवती महिलाओं एवं बच्चों को प्राप्त होगा।




इस लापरवाही का जिम्मेदार कौन जो रेड्डी टू ईट फूड का समय पर महिने के प्रथम मंगलवार को आगनबाड़ी केन्द्रों मे वितरण किया जाता है वो माह के आखिरी सप्ताह में समूहों को प्राप्त हो रहा है तो समूहों के द्वारा वितरण मे भी विलंब होता है।

जब इसका निर्माण कार्य हर विकास खंड में महिला समूहों के द्वारा रेड्डी टू ईट फूड का निर्माण किया जाता था तब महिला बाल विकास परियोजना के द्वारा माह के प्रथम सप्ताह में वितरण नहीं होने के कारण तरह तरह के नोटिस सपष्टीकरण परियोजना अधिकारी के द्वारा समूहों को जारी किए जाते थे। अभी कयो माह के आखिरी सप्ताह में वितरण हो रहा है तो कया खडगवा महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी के द्वारा नोटिस सपष्टीकरण कया जारी किया गया है?

इस तरह समय पर रेडी टू ईट वितरण नहीं होने से कया गभर्वती शिशुवती महिलाओं एवं बच्चों को कुपोषण से मुक्ति प्राप्त होगी?

# पुलिसिंग व्यवस्था दुरुस्त करने एसपी मातहतों के संग निकले

-संवाददाता-

**कोरबा, 25 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पुलिसिंग व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। आईजी बिलासपुर रतन लाल डांगी का निर्देश है की पुलिस हर कोने में तैनात दिखे। आईजी रतनलाल डांगी ने रेंज के सभी जिलों के एसपी को अपने क्षेत्र में समय समय पर सघन चेकिंग अभियान शुरू करने के निर्देश दिए है। कोरबा एसपी संतोष सिंह निर्देश देने के बाद उसका पालन सुनिश्चित करने स्वयं चेकिंग के लिए निकले। आनेवाले त्योहारों को देखते हुए चेकिंग किया जा रहा है पुलिस द्वारा जिलेवासियों की सचेत किया जा रहा के वे नशा से दूर रहे और नशा कर गाड़ी न चलाएं एवं शहर के शांति को बनाये रखने में सहयोग करे सीएसपी कोरबा योगेश साहू और एसडीओपी कटघोरा ईश्वर द्विवेदी अपने क्षेत्र पर हर चप्पे चप्पे पर निगरानी रख रहे थे। एसपी सहित समस्त थाना व चौकी प्रभारी अपनी गाड़ी से खुद शहर के चौक चौराहों में घूमते नजर आए। चार पहिया वाहनों से लेकर दो पहिया वाहनों में सफर कर रहे हर व्यक्ति से उसकी पहचान की गई। सबके गाड़ी की पूरी छानबीन की गई द्ध अचानक शुरू हुई चेकिंग से लोग अंदेशा जता रहे थे की शहर में कोई बड़ी वारदात हुई है। नशे में ड्राइव कर रहे लोगों की खैर नहीं रही, उन्हें थाने में ले जाया गया। देर रात अनावश्यक तफरी कर रहे युवकों को फटकार लगाई गई।

# जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में एक से बढ़कर पांच हुई डायलिसिस मशीनें पर क्या इसका लाभ शुचारू रूप से मिल पाएगा ?

**प्रतिदिन 10 मरीजों को मिल सकेगी डायलिसिस की निःशुल्क सुविधा,अब तक कुल 536 निःशुल्क डायलिसिस का दावा**

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 25 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)** किडनी से संबंधित रोगों के इलाज में गम्भीर मरीजों के लिए डायलिसिस बेहद जरूरी होता है। एक बार डायलिसिस कराने के लगभग 2500 रुपये तक खर्च हो जाते हैं। ऐसे में मरीज और उनके परिजन के लिए मेडिकल खर्च वहन कर पाना मुश्किल हो जाता है। आमजन की सहूलियत और उनकी समस्याओं के निराकरण के मद्देनजर राज्य शासन के नेतृत्व में जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार करते हुए अब 05 मशीनें डायलिसिस के लिए जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में उपलब्ध हैं। राहत की बात है कि यहां डायलिसिस की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क है।

बता दें कि जिले में पूर्व से ही 01 डायलिसिस मशीन के ज़रिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अब 04 मशीनें और स्थापित की गई हैं जिससे एक ही दिन में अब 10 मरीजों को डायलिसिस की सुविधा मिल सकेगी। कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में नयी मशीनें स्थापित की गयी हैं। दिसम्बर 2020 में जिला चिकित्सालय में एक मशीन के साथ डायलिसिस सेवा शुरू हुई थी, गत 10 सितंबर को स्थापित 04 नवीन मशीनों के साथ अब वर्तमान में कुल 05 मशीनों के माध्यम से डायलिसिस किया जा रहा है।



सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि पूर्व में संचालित एक मशीन से प्रतिदिन 02 मरीजों को डायलिसिस की सुविधा दी जा रही थी, अब जिला अस्पताल में मशीनों की संख्या बढ़ने से प्रतिदीन 10 मरीजों का डायलिसिस किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि सितंबर 2022 तक जिला चिकित्सालय में कुल 536 डायलिसिस किए गए, किडनी रोगियों में डायलिसिस की बढ़ती आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए मशीनों की संख्या में वृद्धि की गयी, जिसके बाद विगत 15 दिवस में ही 24 जरूरतमंदों का निःशुल्क डायलिसिस किया गया। सप्ताह में डायलिसिस के लिए लग जाते थे 7500 रुपए, जिला चिकित्सालय में निःशुल्क हो रहा इलाज- जिला चिकित्सालय में डायलिसिस हेतु भर्ती मरीज 60 वर्षीय नारायण दुबे के परिजनों ने बताया कि वे पहले डायलिसिस हेतु अम्बिकापुर जाते थे, सप्ताह में तीन बार डायलिसिस कराना पड़ता है। एक डायलिसिस का खर्च लगभग 2500 रुपये होता था, इस तरह सप्ताह में डायलिसिस का खर्च 7500 रुपए हो जाता था। इसके साथ आवागमन और दवाइयों का भी खर्च होता था। जिला चिकित्सालय में निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा से हमें बेहद राहत मिली है। इसी प्रकार बैकुंठपुर के 68 वर्षीय रियाजुद्दीन ने बताया कि वे जून माह से जिला अस्पताल में लगातार डायलिसिस करवा रहें हैं, एक मशीन की वजह से पहले थोड़ा इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब नयी मशीन लगने से यह समस्या खत्म हुई है। चरचा की 60 वर्षीय प्रेमकुमारी बताती हैं कि मैं पहले निजी अस्पतालों में डायलिसिस करवातीं थीं, जिसमें बहुत खर्च होता था, पिछले 02 माह से जिला अस्पताल में मैंने निःशुल्क डायलिसिस करवाए हैं। जिससे मेडिकल खर्च में बेहद राहत मिली है।

# महायज्ञ संत सम्मेलन एवं श्रीमद भगवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 04 अक्टूबर तक

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।** आप सभी नगर वासियों को सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि हमारे नगर अंबिकापुर में सनातन धर्म की रक्षा ,विश्व कल्याण हेतु एवं कोरोना वायरस से संक्रमित वैश्विक महामारी के निवारण हेतु श्री देवी संपदा मंडल द्वारा दिव्य सनातन संस्कार का आध्यात्मिक आयोजन सहस्त्र चंडी महायज्ञ संत सम्मेलन एवं श्रीमद भगवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन दिनांक 25 सितंबर 2022 रविवार से मंगलवार दिनांक 4 अक्टूबर 2022 तक किया जा रहा है जिसका आयोजन खरसिया रोड़ स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने में होगा ।आप सभी अंबिकापुर निवासियों को जानकारी देते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है की इस तारतम्य में आज शोभा यात्रा निकली गई । इस शोभा यात्रा में विभिन्न मंडलों के गुरुओं ने अपना आसन रथों में ग्रहण किया हुआ था एवं कई प्रकार की जीवंत झाकियाँ भी थीं । अम्बिकापुर के लोगों ने सभी गुरुवों से आशीर्वाद प्राप्त किया , जगह जगह शोभायात्रा की आरती उतारी गई । शोभायात्रा के मार्ग में विभिन्न संगठनों के द्वारा जैसे अग्रवाल सभा अम्बिकापुर , चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स अम्बिकापुर के द्वारा स्वागत के साथ पुष्पवर्षा इत्यादि का आयोजन किया गया ।



# लॉ कालेज एल्युमिनी संघ का हुआ गठन

**मोहन अध्यक्ष,विवेक शर्मा उपाध्यक्ष व सचिव रवि शुक्ला बने**

-संवाददाता-

**कोरबा, 25 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** ज्योति भूषण प्रताप सिंह विधि महाविद्यालय के सभागार में वर्ष 2006 से 2021 तक के भूतपूर्व छात्रों के एलुमिनी संगठन बनाने हेतु बैठक संपन्न हुई। जिसका मुख्य उद्देश्य , महाविद्यालय के विकास हेतु योगदान, सुझाव, नैक मूल्यांकन सम्बंधित सहयोग व मार्गदर्शन देना था।उक्त बैठक में सर्वसम्मति से एल्युमिनी एसोसिएशन का गठन किया गया जिसमें सर्वसहमति से अध्यक्ष पद हेतु मोहन सोनी ( अधिवक्ता), उपाध्यक्ष- विवेक शर्मा ( पुलिस निरीक्षक), सचिव रवि शुक्ला( अधिवक्ता )का चयन किया गया। शेष कार्यकारिणी के गठन के लिए अध्यक्ष मोहन सोनी को अधिकृत किया गया है। उक्त बैठक में भारी संख्या में पूर्व छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिनमे लीना साहू, कविता कौशिक, मनमीत कौर, आकाश आहूजा, बृजेश साहू, असीम कुमार, जोगेन्दर साहू, रेवत पटेल, वसीम मेमन, पिंकी साहू, मंजू, अनिता खूंटे, बसन्ती सोंधिया, कृतिका गुप्ता, राशि हँसराजानि, लखन गोस्वामी, सत्यनारायण अग्रवाल, निशा पासवान, आदर्श शर्मा, गीता दास, संजीव शर्मा की गरिमामयी उपस्थित रही।

# यशस्वी जायसवाल को मैच के दौरान स्लेजिंग करना पड़ा भारी




**कोयंबटूर,25 सितम्बर 2022।** पश्चिम क्षेत्र के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी फाइनल के पांचवें और अंतिम दिन रविवार को यहां अनुशासनहीनता दिखाने वाले अपने साथी यशस्वी जायसवाल को मैदान छोड़ने का आदेश देकर नई मिसाल पेश की। जायसवाल ने पश्चिम क्षेत्र की दूसरी पारी में दोहरा शतक जड़कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। लेकिन रविवार को जब दक्षिण क्षेत्र 529 रन के विशाल लक्ष्य के सामने अपनी पारी आगे बढ़ा रहा था तब वह विवादों में फंस गए। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण क्षेत्र के बल्लेबाज रवि तेजा पर छींटाकशी की जिसके बाद उनके कप्तान रहाणे ने उन्हें मैदान से बाहर जाने के लिए कहा।

जायसवाल बल्लेबाज के करीब क्षेत्ररक्षण कर रहे थे और लगातार छींटाकशी करने के कारण रवि तेजा ने उनकी शिकायत भी की। जायसवाल को चेतावनी दी गई थी लेकिन पारी के 57वें ओवर में जब मैदानी अंपायर ने उनकी शिकायत की तो रहाणे ने उनसे बात की और उन्हें मैदान से बाहर जाने को कहा। इसके बाद पश्चिम क्षेत्र ने 10 खिलाड़ियों के साथ ही क्षेत्ररक्षण किया। जायसवाल सात ओवर तक मैदान से बाहर रहे और उसके बाद ही क्षेत्ररक्षण करने के लिए लौटे। पश्चिम क्षेत्र ने यह मैच 294 रन से जीता और जायसवाल को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

रहाणे को हमेशा मैदान पर अपनी अनुशासनप्रियता के लिए जाना जाता है। ऑस्ट्रेलिया में जब वह विराट कोहली की अनुपस्थिति में भारतीय टीम की अगुवाई कर रहे थे तो तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को नस्लीय टिप्पणियों का सामना करना पड़ा था। रहाणे ने मैदान में उलझने के बजाय मैच रेफरी से इसकी शिकायत की थी। जायसवाल से जुड़ी घटना के बारे में रहाणे ने मैच के बाद कहा,''मैं हमेशा अपने विरोधी, अंपायर और मैच अधिकारियों का सम्मान करने में विश्वास करता हूं। इसलिए आपको कुछ घटनाओं से निश्चित तरीके से निपटना होता है।

### कुलदीप यादव के कमाल के बाद पृथ्वी शॉ ने बल्ले से मचाया धमाल

# भारत ने न्यूजीलैंड ए को 4 विकेट से हराया



**नई दिल्ली ,25 सितम्बर 2022।** न्यूजीलैंड ए के खिलाफ 3 मैचों की अन-ऑफिशियली वनडे सीरीज के दूसरे मैच को भारतीय ए टीम ने अपने नाम किया। इस सीरीज का दूसरा मैच रविवार के दिन चेन्नई के एम ए चिदंबरम स्टेडियम में खेला गया, जिसे भातीय ए टीम ने 4 विकेट से जीतने में कामयाबी हासिल की। पहले वनडे में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड की टीम को 7 विकेट से हराया था और दूसरे मैच को 4 विकेट से जीतने के साथ ही भारत ने सीरीज पर कब्जा जमा लिया।

### पृथ्वी ने महज 48 गेंदों में जड़ दिए 77 रन

लंबे समय से पृथ्वी शॉ बड़ी पारी खेलने में नाकाम हो रहे थे, पहले मैच में भी उनके बल्ले से सिर्फ 17 रन निकले थे। लेकिन दूसरे मुकाबले में उन्होंने बल्ले से अपना दम दिखाया। पृथ्वी ने ओपनिंग करते हुए टीम के लिए सबसे अधिक 77 रन बनाए। अपनी पारी के दौरान उन्होंने 11 चौके और तीन छक्के भी लगाए। इसके अलावा कप्तान संजू सैमसन ने भी 37 रनों की उपयोगी पारी खेली।मैच के दौरान न्यूजीलैंड ए की टीम 7 विकेट पर 219 रन बनाकर खेल रही थी, ऐसे में कुलदीप यादव ने आकर तीन गेंदों में तीन विकेट झटकर न्यूजीलैंड की पारी समाप्त कर दी। न्यूजीलैंड ए की टीम 47 ओवर में 219 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अपनी हैट्रिक में कुलदीप ने लोगान वैन बीक, जो वॉकर और जैकब डफी को पवेलियन भेजा। कुलदीप के इस बेहतरीन प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान भी उनकी तरफ खींचा होगा।

भारत ने चार विकेट से जीता मैच न्यूजीलैंड के कप्तान रॉबर्ट ओ% डोनेल ने मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड की ओर से जो कार्टर ने सबसे अधिक 72 रनों की पारी खेली। इसके अलावा रचिन रविंद्र ने भी टीम के लिए जरूरी 61 रन जोड़े। इन दोनों बल्लेबाज के दम पर न्यूजीलैंड की टीम ने 219 रन बनाया। जिसे भारत ने आसानी के साथ छह विकेट खोकर हासिल कर लिया।

दोनों टीमों में शामिल थे ये खिलाड़ी भारत ए- पृथ्वी शॉ, रुतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), रजत पाटीदार, तिलक वर्मा, ऋषि धवन, शार्दुल ठाकुर, राहुल चाहर, कुलदीप यादव, राज बावा, उमरान मलिक। न्यूजीलैंड ए- चाड बोवेस, रचिन रवींद्र, डेन क्लीवर, जो कार्टर, रॉबर्ट ओ% डोनेल (कप्तान),, टॉम ब्रूस, सीन सोलिया, माइकल रिपन, लोगान वैन बीक, जो वॉकर, जैकब डफी।

## इंडिया जीतेगा टी20 विश्वकप धोनी ने समझाया पूरा कनेक्शन



**नई दिल्ली ,25 सितम्बर 2022।** ऑस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर से टी20 विश्वकप 2022 की शुरुआत होने वाली है। टूर्नामेंट के लिए सभी टीमें अपनी-अपनी तैयारियों में जुटी हुई हैं। 13 नवंबर तक चलने वाले इस महाकुंभ का पहला मैच श्रीलंका और नामीबिया के बीच खेला जाएगा। वहीं 22 अक्टूबर से सुपर-12 के मुकाबले खेले जाएंगे। भारत अपना पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ 23 अक्टूबर को खेलेगा। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले भारत के विश्वकप विजेता कप्तान एमएस धोनी ने एक लकी चार्म लॉन्च किया है।

### फिर से आ रहा है कप

माही ने जिस प्रोडक्ट को लॉन्च किया है इसे 2011 विश्वकप से पहले भी लॉन्च किया गया था। इस बार भी विश्वकप 2022 से पहले इसे लॉन्च किया जा रहा है। धोनी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी लॉन्चिंग की साथ ही पूरा कनेक्शन भी समझाया कि इंडिया टी20 विश्वकप 2022 क्यों जीतने वाला है। धोनी ने कहा कि 2011 में भारत ने कप जीता था तब यह बिस्किट लॉन्च हुआ। माही ने कहा कनेक्शन समझ रहे हो ना। इस बार एक और कप है। अगर यह बिस्किट फिर से लॉन्च हो सकता है तो इंडिया भी फिर से वर्ल्ड कप जीत सकता है। आखिर में उन्होंने सभी से बुलवाया कि, तो फिर इसे लॉन्च करते हैं और फिर से 2011 को दोहराते हैं।

### टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), दिनेश कार्तिक (विकेट कीपर), हार्दिक पांड्या, युजवेंद चहल, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, हर्षल पटेल, आर आश्विन। रिजर्व खिलाड़ी दीपक चाहर, मोहम्मद शमी, श्रेयस अय्यर, रवि विश्नोई।

## बीसीसीआई ने घोषित किया चुनाव कार्यक्रम

**नई दिल्ली ,25 सितम्बर 2022।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के लिए चुनावी मौसम शुरू हो गया है, चुनाव अधिकारी ने कार्यक्रम प्रकाशित किया है। शनिवार (24 सितंबर) को राज्य संघों को दिए गए सात पन्नों के पत्र में, राज्य इकाइयों को नामित करने की समय सीमा उनके सदस्य शनिवार (24 सितंबर) थे, और नामांकन 11 और 12 अक्टूबर को होने वाले हैं। चुनाव 18 अक्टूबर को मुंबई में होंगे, जिस दिन बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) होगी। ÷निर्वाचक अधिकारी, बीसीसीआई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्ण सदस्यों को आम बैठक में होने वाले चुनाव के लिए अपने संबंधित प्रतिनिधियों (%प्रतिनिधि%) को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए आवेदन जमा करने के लिए आमंत्रित करता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड, 18 अक्टूबर 2022 को। एके जोती, भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त, चुनाव अधिकारी हैं। नोटिस के अनुसार, राज्य इकाई का एक मनोनीत प्रतिनिधि ही चुनाव लड़ सकता है।

## अजिंक्य रहाणे ने वेस्ट जोन की अगुवाई में खिताब जीता



**कोयंबटूर,25 सितम्बर 2022।** अजिंक्य रहाणे की वेस्ट जोन टीम ने हनुमा विहारी के साउथ जोन को 294 रनों से हराकर 19वीं बार दलीप ट्रॉफी जीती। कोयंबटूर के एसएनआर कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड में रहाणे की अगुवाई वाली टीम ने विहारी की टीम को 234 रन पर आउट कर दिया. दलीप ट्रॉफी प्रतियोगिता में अब वेस्ट जोन सबसे सफल टीम है, जिसने रिकॉर्ड 19 चैंपियनशिप जीती हैं। वे पहले सबसे अधिक जीत (18) के लिए उत्तर क्षेत्र से बंधे थे।

वेस्ट जोन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 270 रन का लक्ष्य रखा, जिसमें हेट पटेल और उनादकट ने क्रमशः 98 और 47 रन बनाए। श्रेयस अय्यर और सरफराज खान ने जहाज को स्थिर करने में मदद करने तक शुरुआती विकेट खोने के बाद वे मुश्किल में थे, और फिर पटेल और उनादकट ने एक प्रतिस्पर्धी स्कोर के लिए पक्ष का मार्गदर्शन किया। साउथ जोन के लिए साई किशोर ने पांच विकेट लिए.

दक्षिण क्षेत्र के बल्लेबाज इंद्रजीत ने 118 रन के प्रयास से नेतृत्व किया। सभी खिलाड़ियों ने योगदान दिया, लेकिन किसी और ने पचास से ज्यादा रन नहीं बनाए और साउथ जोन 327 रन पर आउट हो गया। उनादकट ने वेस्ट जोन के लिए चार विकेट लिए।

दूसरी पारी में रहाणे की अगुवाई वाली टीम ने शानदार क्रिकेट खेली। जायसवाल ने 265 रन बनाए, जबकि सरफराज ने भी नाबाद 127 रन बनाए। दक्षिण क्षेत्र को इस बिंदु पर प्रतियोगिता से बाहर होने की सबसे अधिक संभावना थी। दक्षिण क्षेत्र ने पिछली पारी में विकेट गंवाते रहे, जिसमें चैंपियनशिप जीतने के लिए 529 रनों की जरूरत थी। रोहन कुन्नुममल ने साहसी 93 रन बनाए, और रवि तेजा ने भी बहादुरी से मुकाबला किया, लेकिन यह सब उनके लिए बहुत अधिक था। टूर्नामेंट के आखिरी दिन वेस्ट जोन ने साउथ जोन को 234 रन पर आउट कर दिया।

## अक्षय कुमार की फिल्म गोरखा अगले साल मार्च में शुरू हो रही शूटिंग




अक्षय कुमार की फिल्म गोरखा लंबे समय से अटकी हुई है। इस फिल्म की पिछले साल घोषणा हुई थी। हालांकि, घोषणा होने के बाद फिल्म को लेकर कोई भी अपडेट नहीं आया। लोगों को लगने लगा था कि फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई है। आखिरकार अक्षय के प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर आई है। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल मार्च में शुरू हो जाएगी। यह फिल्म भारतीय सेना के गोरखा रेजिमेंट के अधिकारी इयान कार्डोजो की बायोपिक है। फिल्म गोरखा के प्रोडक्शन का काम आनंद एल राय संभाल रहे हैं। यह अतरंगी रे और रक्षाबंधन के बाद आनंद और अक्षय का तीसरा कोलैबोरेशन है। अतरंगी रे पिछले साल डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी। वहीं रक्षाबंधन इस साल अगस्त में रिलीज हुई थी। गोरखा का निर्देशन संजय पूरन सिंह करेंगे। संजय ने पिछले साल फिल्म बहत्तर हूरें के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता था।

रिपोर्ट्स के अनुसार निर्माता शूटिंग शुरू होने से पहले आश्वस्त होना चाहते हैं कि फल्म हकीकत के ज्यादा से ज्यादा करीब हो। वह इसके लिए हर तरह की तैयारी कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार अब तक पर्दे पर जिस तरह से युद्ध दिखाए गए हैं, इस फिल्म में युद्ध का चित्रण उनसे बिल्कुल अलग होगा। निर्माता इयान के किरदार को पर्दे पर बखूबी दिखा सकें, इसके लिए वे ज्यादा से ज्यादा रिसर्च करना चाहते हैं।

इयान कार्डोजो एक पूर्व भारतीय सेना अधिकारी हैं। उन्होंने 1962, 65 और 71 में भारत-पाक युद्ध में हिस्सा लिया था। वह एक बटालियन और एक ब्रिगेड की कमान संभालने वाले भारतीय सेना के पहले युद्ध-विकलांग अधिकारी बने थे। भारत-पाक युद्ध में घायल होने के कारण कार्डोजो को अपना पैर काटना पड़ा था। कार्डोजो ने 2005 से 2011 तक भारतीय पुनर्वास परिषद के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया है।

गोरखा के अलावा अक्षय कुमार कई प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं। उनकी फिल्म राम सेतु अकसर सुर्खियों में रहती है। इस फिल्म में उनके साथ जैकलीन फर्नांडिस नजर आएंगी। अक्षय मलयालम फिल्म ड्राइविंग लाइसेंस की हिंदी रीमेक सेल्फी में नजर आएंगे। 1998 की फिल्म छोटे मियां बड़े मियां की रीमेक में अक्षय टाइगर श्रॉफ के साथ दिखेंगे। वह ओह माई गॉड के सीक्वल में भी काम कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ पंकज त्रिपाठी नजर आएंगे।

## नेपाली एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी की अदाओं के दीवाने है लाखों लोग



भोजपुरी इंडस्ट्री में हर तरह की अभिनेत्रियां देखने के लिए मिलती हैं। ये मनोरंजन का एक ऐसा जगत कहा है, जहां देसी से लेकर ग्लैमर का तड़का भी साफ़ देखने के लिए मिलता है। जी दरअसल हम बात कर रहे है भोजपुरी एक्ट्रेस और मॉडल अदिति बुधाथोकी के बारें में, इस एक्ट्रेस ने नेपाली होकर भोजपुरी की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान अपने नाम की है। अदिति बुधाथोकी अपनी ग्लैमरस अदाओं से बॉलीवुड से लेकर भोजपुरी की खूबसूरत हसीनाओं को टक्कर देती हुई दिखाई देती है। इसका उदाहरण आपको अभिनेत्री के इंस्टाग्राम हैंडल पर देखने के लिए मिल जाता है। सोशल मीडिया पर हमेशा ही अपने कातिलाना हुस्न से लोगों को दीवाना बनाने वाली अदिति बहुत बोल्ड हैं। ऐसा कभी कभार ही होता होगा कि अदिति कोई तस्वीर शेयर करें और वो उनके फैंस की नजरों से बच कर निकल जाए।इन दिनों इंटरनेट पर नेपाल की मशहूर अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल अदिति हमेशा ही कहर ढाती हुई दिखाई देती है। उनकी हर तस्वीर पर फैंस हमेशा अपना दिल हार बैठते हैं। मासूमियत के साथ साथ अदिति का अंदाज भी लोगों को पसंद आ रहा है। कम ही लोग अदिति के बारे में ये जानते होंगे कि वो एक नोपाली अभिनेत्री हैं। अदिति की फैन फॉलोइंग इस बात को साबित करती है कि लोगों का उन्हें कितना प्यार भी मिला है।




## राणा दग्गुबाती ने रिलीज किया कन्नड़ एक्शन फिल्म कब्जा का टीजर

केजीएफ 2, 777 चार्ली और विक्रांत रोना की हालिया बैक-टू-बैक सफलताओं के बाद, कन्नड़ फिल्म उद्योग एक और प्रमुख एक्शन एंटरटेनर शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसमें एक आल-स्टार कास्ट कब्जा है।आर चंद्रू द्वारा निर्देशित फिल्म में कन्नड़ पुरस्कार विजेता स्टार उपेंद्र राव, किच्चा सुदीप, श्रिया सरन, मनोज वाजपेयी और नवाब शाह हैं। इसे सात भाषाओं में रिलीज करने की तैयारी है।

आर चंद्रू द्वारा निर्देशित फिल्म में कन्नड़ पुरस्कार विजेता स्टार उपेंद्र राव, किच्चा सुदीप, श्रिया सरन, मनोज वाजपेयी और नवाब शाह हैं। इसे सात भाषाओं में रिलीज करने की तैयारी है।

मेकर्स ने उपेंद्र के बर्थडे से एक दिन पहले फिल्म का टीजर रिलीज किया था। इसे बाहुबली स्टार राणा दग्गुबाती ने रिलीज किया, जो पूरे भारत में एक लोकप्रिय नाम बन गए है।

कब्जा 1947 से 1984 के बीच भारत में गैंगस्टरों के उदय के बारे में एक पीरियड फिल्म है। यह एक स्वतंत्रता सेनानी के बेटे के बारे में है जो माफिया की दुनिया में फंस जाता है। फिल्म को एक बड़े पैमाने पर एक्शन फिल्म के रूप में बनाया गया है।

फिल्म के बारे में बात करते हुए, निर्देशक चंद्रू ने कहा, फिल्म पहले ही काफी चर्चा में है और हम टीजर के साथ अपने प्रशंसकों का खुश करना चाहते थे। कल उपेंद्र का जन्मदिन है, हमने सोचा कि यह उनके सभी प्रशंसकों के लिए एक अच्छा उपहार होगा।

एम.टी.बी. द्वारा प्रस्तुत, नागराज, और श्री सिद्धेश्वर एंटरप्राइजेज बैनर के तहत चंद्रू द्वारा निर्मित, फिल्म कन्नड़, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, उड़िया और मराठी में रिलीज होगी।

फिल्म का संगीत केजीएफ फेम रवि बसरूर ने दिया है, ए.जे. शेट्टी छायाकार हैं और महेश रेड्डी संपादक हैं।













CMYK




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)